CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 34 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 21 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

### भजनलाल शर्मा की प्रदेश भर के अधिकारियों से मैराथन बैठक

## मुख्य सचिव वीश्रीनिवास भी रहे मौजूद, विभागों के मुखिया और कलेक्टर से वीसी से जुड़े

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज उन्नति को लेकर मैराथन बैठक आयोजित की प्रदेश की योजनाओं, चालू प्रोजेक्ट परिसंवेदनाओं, बजट घोषणाओं और संकल्प पत्र के वादों के बारे में भी लिया फीडबैक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राज उन्नति को लेकर प्रदेश भर के प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की इस बातचीत में मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों के मुखिया और जिला कलेक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी बातचीत करके विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में फीडबैक लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देने के अलावा उनसे सुझाव भी लिए। इस मैराथन बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों से बातचीत की और विभिन्न विभागों से जुड़े परियोजनाओं विभिन्न प्रोजेक्ट बजट घोषणाओं संकल्प पत्र के वादों तथा अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक लिया तथा जो प्रोजेक्ट निर्माण की प्रक्रिया में है उन्हें निर्धारित समय पर हर हाल में पूरा करने के निर्देश भी दिए है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा ने राज उन्नति के मार्फत अपने स्तर पर यह एक बड़ी मुहिम शुरू की है जिसमें मुख्यमंत्री शर्मा हर महीने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर, सभी विभागों के मुखिया अतिरिक्त मुख्य सचिव ,प्रमुख सचिव और सचिव सभी से विस्तार से बातचीत करके प्रदेश की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में तो फीडबैक लेते ही है। इसके अलावा उनसे समय-समय पर सुझाव और सलाह लेने का भी प्रयास करते हैं बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा अधिकारियों से राज्य कार्य से जुड़ी उनकी खुद की समस्याओं के बारे में भी खुलकर पूछते हैं। जानकारी के अनुसार हर महीने आयोजित होने वाली इस बैठक से अधिकारियों में भी यह डर बैठा रहता है कि मुख्यमंत्री संवाद के दौरान उनसे योजनाओं के बारे में जरूर पूछेंगे इसलिए पूरे महीने भर तक अधिकारी खुद मुख्यमंत्री के कहे अनुसारसभी



तरह की योजनाओं और प्रोजेक्ट पर कड़ी निगरानी रखते हैं ताकि सभी कार्य समय पर पूरे हो सके। क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा इस बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्री शर्मा अपनी पिछली बैठक के बारे में लिए गए निर्णय और प्रक्रिया के बारे में भी सवाल जवाब करते हैं ।एक महीने के दौरान ऑफिसर्स की ओर से क्या कुछ नया किया गया कौन-कौन से प्रोजेक्ट और योजनाओं के कार्य में कितनी बढ़ोतरी हुई इन सब के बारे में फीडबैक लेते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा की यह अनूठी पहल निश्चित रूप से प्रदेश के विकास और प्रदेश के लोगों की खुशहाली के लिए वरदान साबित होती दिख रही है। शुक्रवार को भी मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक के दौरान केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जिला कलेक्टर और संबंधित विभाग के मुखिया से सवाल जवाब किया। इसके अलावा पिछले बजट की घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से सवाल जवाब किया अभी वर्तमान में राजस्थान विधानसभा में जो बजट पारित किया गया है। उस बजट में विभिन्न विभागों और क्षेत्र से जुड़े वादों और घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने अपना विजन और संकल्प अधिकारियों को साफ बता दिया है और कहा है कि निर्धारित अवधि में सरकार की ओर से बजट में जो घोषणा और वादे किए गए हैं प्राथमिकता के हिसाब से उन्हें पूरा करने के लिए अभी से प्रयास शुरू कर दे।

### 28 फरवरी को मोदी की अजमेर की सभा में मुख्यमंत्री शर्मा सरकार के कामकाज और भविष्य की योजनाओं का ब्यूरो भी प्रस्तुत कर सकते हैं

जानकार लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर आ रहे हैं जहां वे करीब 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने के अलावा प्रदेश के 21000 युवाओं को नौकरी पत्र भी देंगे ।इसलिए कहा जा रहा है कि अजमेर की इस बड़ी सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपनी सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं । इसलिए शुक्रवार को हुई बैठक में अधिकारियों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने विभिन्न प्रोजेक्ट और योजनाओं के क्रियान्वयन और वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की, पिछली बजट की घोषणाओं और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों, राइजिंग राजस्थान के समझौते के क्रियान्वयन, पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा ,सौर ऊर्जा चिकित्सा , उद्योग पर्यटन, पुलिसिंग,रोजगार इत्यादि सभी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से वास्तविक फीडबैक लिया है क्योंकि राजस्थान विधानसभा में भी 21 फरवरी को भजनलाल शर्मा सरकार के रिपोर्ट कार्ड को प्रस्तुत करने वाले हैं ऐसे में शुक्रवार को आयोजित हुई राज उन्नति की है बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### ग्रामीण क्षेत्र की खुशहाली, किसान, युवा और महिला से जुड़ी योजनाओं को लेकर काफी गंभीर है मुख्यमंत्री

जानकार लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव आयोजित होने वाले हैं ऐसे में यह चुनाव भाजपा सरकार के लिए एक तरह से बड़ी चुनौती है क्योंकि प्रदेश में सरकार की चाबी भाजपा के हाथ में ही है । ऐसे में सरकार की कोशिश है कि इन चुनाव में भारतीय जनता पार्टी शानदार सफलता हासिल करें । इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को लेकर ज्यादा फोकस रखा है तथा किसान युवा महिला के विकास और कल्याण पर सरकार अपना ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि पंचायत राज चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का सरकार पर पूरा आशीर्वाद बना रहे हालांकि भजनलाल सरकार ने अब तक के कार्यकाल में हर क्षेत्र में शानदार कार्य किया है इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में भी भजनलाल सरकार को लेकर लोगों में काफी अच्छा आदर भाव देखा जा रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी संयोजित तरीके से विभिन्न मुद्दों को लेकर बड़े-बड़े जन आंदोलन के माध्यम से केंद्र की मोदी और प्रदेश के भजन लाल सरकार को राजस्थान विधानसभा में और राजस्थान विधानसभा के बाहर कई मुद्दों को लेकर कठघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रही है इसीलिए भजन लाल शर्मा यह जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी के गलत इरादों पर अंकुश करने के लिए एक तरफ जहां भाजपा के संगठन से जुड़े निचले स्तर के नेताओं को ज्यादा सक्रिय करने की जरूरत है तो दूसरी तरफ प्रदेश के प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े छोटे-बड़े सभी अधिकारियों को भी जन भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित करने के प्रयास सरकारी स्तर पर भी होने चाहिए इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक तरफ जहां पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से लगातार बातचीत कर रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारियों से भी लगातार संवाद कर रहे हैं ताकि सरकार की ओर से जो भी वादे और घोषणाएं की गई है वह सब समय पर पूराहो जाए।

## सीएम शर्मा आज विधानसभा में सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज अपनी पार्टी की सरकार के विजन और संकल्प को दोहराएंगे और अब तक प्रदेश में सरकार ने जो कार्य किए हैं उसके बारे में सदन को विस्तार से अवगत करवाएंगे ।इसलिए आज मुख्यमंत्री के भाषण को सुनने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य काफी उत्साहित हैं और मुख्यमंत्री का भाषण का बेताबी से इंतजार भी कर रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि आज मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने भाषण में शायराना अंदाज में बाकायदा तथ्यात्मक तरीके से आंकड़ों के साथ अपनी बात रख सकते हैं। इसके लिए उन्होंने अपना पूरा होमवर्क कर लिया है और प्रत्येक विभाग और क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं, परियोजनाओं, प्रोजेक्ट, निर्णय, फैसला, बजट घोषणाओं और संकल्प पत्र के वादों इत्यादि के बारे में सरकार की ओर से की गई प्रभावित कार्रवाई के बारे में सदन को अवगत करवाएंगे । जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कुछ महीनो में बार-बार कांग्रेस पार्टी के नेताओं से इस बात के लिए सवाल पूछते हैं और उन्हें चैलेंज भी करते हैं कि हमारी सरकार ने 2 साल में हर क्षेत्र और विभाग में जो कार्य किए हैं उतने कार्य पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 5 साल में भी नहीं किया जबकि हमारी सरकार ने 2 साल के कार्यकाल में ही पिछले सरकार के कार्यों से कई गुना ज्यादा काम किया



है । इस तरह की बातें मुख्यमंत्री शर्मा सार्वजनिक सभा में भी कहते हैं और कांग्रेस पार्टी के नेताओं को तुलनात्मक बहस के लिए आमंत्रित भी करते हैं चुनौती भी देते हैं इसलिए आज विधानसभा में तुलनात्मक तरीके से हर क्षेत्र और विषय के बारे में पिछली सरकार और वर्तमान सरकार के कामकाज का उल्लेख करते हुए यह बताने का प्रयास करेंगे कि हमारी सरकार ने पिछली सरकार की तुलना में 2 साल में ही कई गुना ज्यादा काम कर दिए हैं। इसलिए आज मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष के सदस्य मुख्यमंत्री से कई बातों को लेकर सवाल जवाब भी पूछ सकते हैं लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा ने विपक्ष के सभी संभावित सवालों के जवाब पहले ही तैयार कर लिए हैं । मुख्यमंत्री शर्मा आज सदन में आंकड़ों के साथ दोनों सरकारों के कामकाज की तुलना करके पिछली गहलोत सरकार के किये गये कार्यो से तुलना का सकते हैं ।

### सदन में भजनलाल सरकार का जवाब-

## कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाना और कृषक की भलाई करना सरकार की प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को सरकार की ओर से प्रभावी तौर पर कहा गया है कि सरकार प्रदेश में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने कृषक को उचित दर पर अच्छा खाद और बीज उपलब्ध करवाने और कृषक की भलाई करना प्राथमिकता में है। कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने कहा कि हमारी सरकार ने 2 साल में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और कृषक की भलाई के लिए बड़े-बड़े फैसले और बड़े-बड़े कार्य किए हैं उन्होंने कहा कि कृषक को अच्छा खाद और बीच आसानी से मिले इसके प्रबंधन भी हमारी सरकार ने किए हैं और कृषक की इनकम बढ़ाने के प्रयास में भी सरकार ने काफी अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि में हमारी सरकार ने भी इस राशि को और बढ़ाया है जिसके माध्यम से प्रदेश के किसानों के बैंक अकाउंट में अच्छा पैसा गया है जो कृषक परिवार के काम आया है । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को मुआवजा देने में भी निरंतर कार्य कर रही है और फसल मुआवजा में गड़बड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ हमारी सरकार कड़ा एक्शन भी ले रही है । उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के समय कृषक को उचित पानी उचित बिजली और सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है और कृषि उत्पादन को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए भी हमारी सरकार ने अच्छा कार्य किया है । राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को कांग्रेस विधायक रामकेश मीणा के बयान पर सत्ता पक्ष के लोग काफी गुस्से में हो गए रामकेश मीणा ने अपने भाषण में कहा कि किसानों का समर्थन मूल्य पर उत्पाद खरीदने की अच्छी व्यवस्था की जाए खेतों में आवारा पशु



फसल को बर्बाद कर रहे हैं लेकिन सरकार का ईश्वर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है किसान काफी परेशान है। उन्होंने कहा कि किसान काफी मेहनत करके और कर्ज करके खेत में फसल तैयार करता है लेकिन जब आवारा पशु खेत की फसल को नष्ट कर दे तो फिर उसके पास कुछ भी नहीं बचता। रामकेश मीणा ने अपनी बात को आगे बढ़ते हुए जब यह कहा कि भाजपा गाय के लिए तो बड़ी-बड़ी बातें करती है लेकिन किसान की फसल की सुरक्षा के लिए भी भाजपा की सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए। रामकेश मीणा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सिर्फ गाय का सर काट सकते हैं और फिर उनके नेता थाने में से गाय का सर काटने वाले व्यक्ति को छुड़ा सकते हैं लेकिन किसान की फसल की सुरक्षा नहीं कर सकते रामकेश मीणा के इस बयान को सुनकर सत्ता पक्ष के सदस्य ने शोरगुल करना शुरू कर दिया और रामकेश मीणा के बयान की कड़ी निंदा की इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी आसान से डिमांड की की विधायक ने सदन की गरिमा और नियमों के खिलाफ जो शब्द बोले हैं उन्हें कार्रवाई से हटाया जाए जिस पर आसन पर बैठे फूल सिंह मीणा ने उन शब्दों को हटाने का निर्देश दिया ।

## विनोद जाखड़ एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने, राजस्थान को पहली बार मिला इतना बड़ा पद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विनोद जाखड़ को नियुक्त किया गया है। विनोद जाखड़ राजस्थान यूनिवर्सिटी एनएसयूआई इकाई के अध्यक्ष हैं और अब जिस तरह से उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है यह अपने आप में विनोद जाखड़ के लिए तो बड़ी उपलब्धि कहीं जाएगी। इसके अलावा राजस्थान एनएसयूआई संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए भी गौरव की बात है क्योंकि अब तक राजस्थान के एनएसयूआई के किसी नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर कार्य करने का मौका नहीं मिला था । जाकड पहले ऐसे शख्स हैं जिन्हें एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव कैसी वेणुगोपाल की ओर से शुक्रवार को विनोद जाखड़ की नियुक्ति का लेटर जारी किया गया। यह लेटर राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भी अपने व्हाट्सएप ग्रुप पर जारी किया था उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले विनोद जाखड़ ने राजस्थान यूनिवर्सिटी में संघ के कार्यक्रम को लेकर विरोध किया था जिसके बाद पुलिस ने उन्हें अरेस्ट करके जेल भेजा। कई दिनों तक



विरोध जाखड़ जेल में भी रहे संघ के इस कार्यक्रम के जबरदस्त विरोध प्रदर्शन की वजह से विनोद जाखड़ कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं की प्रशंसा का पात्र बने इसके अलावा विनोद जाखड़ की नियुक्ति के बारे में कहा जा रहा है कि विनोद जाखड़ दलित समाज से आते हैं और युवा है। इसलिए युवा और दलित कार्ड का अद्भुत संगम करते हुए कांग्रेस पार्टी ने विनोद जाखड़ को इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति देने का निर्णय किया । विनोद जाखड़ काफी सक्रिय नेता है और उनके भाषण शैली भी काफी अच्छी है हमेशा एक्टिव रहते हैं इसीलिए राहुल गांधी ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। मीडिया से बातचीत के दौरान विनोद जाखड़ ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं का आभार जताया और कहा कि आने वाले दिनों में एनएसयूआई युवा और छात्रों के मुद्दों को लेकर सड़कों पर रहेगी एनएसयूआई पूरी तरह से आक्रामक तरीके से अपनी वजीफा को लेकर आंदोलन करेगी।

## कान्हा ग्रुप के ठिकानों पर तीसरे दिन भी इनकम टैक्स छापामार कार्रवाई जारी

### करोड़ों की अघोषित इनकम का खुलासा होने के आसार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश और देशभर में कान्हा ग्रुप के विभिन्न ठिकानों पर शुक्रवार को तीसरे दिन भी इनकम टैक्स विभाग की जांच पड़ताल खबर लिखे जाने तक जारी थी। इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक-दो दिन यह जांच पड़ताल आगे और भी जारी रह सकती है हालांकि इनकम टैक्स विभाग की ओर से खबर लिखे जाने तक कान्हा ग्रुप की और से अघोषित इनकम की अधिकृत घोषणा नहीं की गई थी क्योंकि अभी इनकम टैक्स के कार्रवाई एक-दो दिन और जारी रह सकती है लेकिन कहा जा रहा है कि अब तक की जांच पड़ताल में विभिन्न ठिकानों में करोड़ों रुपए की काली कमाई उजागर हुई है और करोड़ों रुपए के इनकम टैक्स चोरी करने की बात भी सामने आई है । बड़ी बात यह है की इनकम टैक्स विभाग की इस छापामार कार्रवाई के दौरान कान्हा ग्रुप के रेस्टोरेंट पर खाने-पीने की चीज जैसे पहले ग्राहकों को मिलती थी उसी तरह से छापामार कार्रवाई के दौरान भी ग्राहकों को मिल रही है किसी भी तरह की असुविधा ग्राहकों को नहीं होने दी जा रही है । उल्लेखनीय है कि कान्हा ग्रुप के जयपुर, उदयपुर, मुंबई, पश्चिम बंगाल, झारखंड सहित कई अन्य जगहों पर पिछले बुधवार को इनकम टैक्स विभाग की विभिन्न टीमों की ओर से एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया था इस छापामार कार्रवाई में कान्हा ग्रुप के पांच रेस्टोरेंट भी शामिल है। इस तरह से कान्हा ग्रुप के 33 ठिकानों पर बुधवार से ही इनकम टैक्स विभाग की जांच पड़ताल की प्रक्रिया जारी है जो शुक्रवार को भी जारी रही कहा जा रहा है कि इस छापामार कार्रवाई में 10 बैंक लॉकर भारी मात्रा में नकदी और




अघोषित चल और अचल संपत्ति का खुलासा हुआ है हालांकि छापामार कार्रवाई के संपूर्ण होने के बाद ही इनकम टैक्स विभाग की ओर से अधिकृत रूप से संपूर्ण जानकारी दी जाएगी । इसलिए शुक्रवार को भी इनकम टैक्स विभाग की ओर से छापामार कार्रवाई की ओर से किसी भी तरह की जानकारी शेयर नहीं की गई लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है कि करीब 100 करोड़ रुपए की काली कमाई उजागर हो सकती है इस बारे में अभी तक कान्हा ग्रुप की ओर से भी किसी भी तरह की कोई जानकारी मीडिया को उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इनकम टैक्स विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कान्हा ग्रुप की ओर से जो कमाई अपने इस बिजनेस में की गई है उस कमाई को कई प्रमुख होटलों में इन्वेस्ट करने के दस्तावेज भी इनकम टैक्स विभाग को मिले हैं जिनकी छानबीन की जा रही इसमें कोई दो राय नहीं कान्हा ग्रुप के रेस्टोरेंट ग्राहकों में काफी लोकप्रिय है और यहां बड़ी संख्या में ग्राहक इन रेस्टोरेंट से खाद्य वस्तुओं की खरीदारी भी करते हैं ज्यादातर खरीददारी आजकल ऑनलाइन होती है लेकिन इनकम टैक्स विभाग की ओर से छापामार कार्रवाई के दौरान भी रेस्टोरेंट की गतिविधियों पर किसी भी तरह का विराम नहीं लगाया है ग्राहक आसानी से अपना सामान खरीद रहे हैं कई ग्राहकों को यह पता ही नहीं है कि कान्हा ग्रुप के परिसर में इनकम टैक्स विभाग की टीम जांच पड़ताल कर रही है।

## हिंदी और स्थानीय भाषाएं एक ही मां की दो बहनें; इनमें कोई टकराव नहीं: गृह मंत्री

अगरतला/एजेंसी

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पूर्वोत्तर भारत के दौरे पर रहे। उन्होंने त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में एक अहम कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने पूर्वी, पूर्वोत्तर और उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन की अध्यक्षता की। यह कार्यक्रम हापनिया के इंटरनेशनल फेयर कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुआ, जिसमें इन क्षेत्रों के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के रिश्ते पर बड़ी बात कही। उन्होंने साफ किया कि हिंदी और स्थानीय भाषाओं के बीच कभी कोई टकराव नहीं हो सकता। उन्होंने इन भाषाओं को 'एक ही मां की दो बहनें' बताया। शाह ने कहा कि हिंदी सभी भाषाओं की सहेली है। जब हिंदी को बढ़ावा मिलता है, तो बाकी भारतीय भाषाएं भी अपने आप मजबूत होती हैं। गृह मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश अपनी भाषा को सीखने और अपनाने के संकल्प के साथ मजबूती से खड़ा है। इस सम्मेलन में राजभाषा नीति को लागू करने और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर चर्चा हुई। त्रिपुरा आने से पहले, दिन में अमित शाह ने असम के सिलचर में एक जनसभा को संबोधित किया। वहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के विकास कार्यों की जमकर तारीफ की। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो काम कांग्रेस पार्टी पचास साल के शासन में हासिल नहीं कर सकी, उसे भाजपा ने सिर्फ दस साल में पूरा कर दिखाया है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में असम में बुनियादी ढांचे पर बहुत काम हुआ है।

## सदन में बिजली कंपनियों के कर्मचारियों के तबादले, गलता पीठ, सदन का कोरम पूरा नहीं होना जैसे मुद्दों की गूंज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को सदन में विधायकों की कम उपस्थिति का मुद्दा एक बार फिर चर्चा का विषय बना रहा । सदन का कोरम पूरा नहीं होने पर विधानसभा अध्यक्ष की ओर से भी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों दलों के सचेतक को इस बारे में ठोस पहल करने के निर्देश दिए। कांग्रेस पार्टी के विधायक रफीक खान ने संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के सदन की शुरू की कार्रवाई में उपस्थित नहीं होने पर तंज कसा । शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में विभिन्न बिजली कंपनियां में पोस्टेड कर्मचारियों के तबादले एक कंपनी से दूसरी कंपनी में नहीं होने पर सदस्यों ने सरकार से सवाल जवाब किया और कहा कि लंबे समय से बिजली



कंपनियों में कर्मचारियों के तबादले नहीं हो रहे है। इसलिए सरकार को इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है जिस पर सरकार के मंत्री हीरालाल नागर ने इस सवाल पर सरकार के गंभीर होने की बात कही। शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में गलता पीठ के पुजारी को वेतन नहीं मिलने पर गलता पीठ के विभिन्न मंदिरों में समुचित प्रसाद अर्पित नहीं करने का मामला कांग्रेस पार्टी के विधायक रफीक खान ने उठाया और कहा कि गलता पीठ में पुजारी को 5 -6 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। यहां तक की भगवान के फूल माला भी नहीं चढ़ाई जा रही है उन्हने कहा कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी की सरकार खुद को सनातनी सनातनी बताती है और मंदिरों के प्रति गहरा आदर भाव दिखाकर लोगों से सहानुभूति हासिल करके मत भी प्राप्त कर लेती है लेकिन राजधानी जयपुर में ही गलता पीठ में भगवान के साथ यह जो अन्याय हो रहा है यह भाजपा की सरकार में हो रहा है रफीक खान भी कहा कि सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में गाय की हत्या के मामले में भी सरकार की ओर से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है यह जवाब कब आएगा कुछ नहीं कहा जा सकता रफीक खान ने सिविल लाइन कई जगहों पर टूटी हुई सड़क का हवाला देकर भी प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया गौरतलब है कि राजस्थान विधानसभा में सदन की कार्यवाही में विधायक बहुत ही कम संख्या में अपनी उपस्थिति दिख रहे हैं इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ के विधायक शामिल हैं जो सदन की कार्रवाई में या तो आते ही नहीं है और आते हैं तो कुछ देर के लिए आते हैं और फिर सदन से उठकर चले जाते हैं इसलिए सदन में कई बार कोरम पूरा नहीं होने पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी कई बार दोनों ही पक्षों के विधायकों को कड़ी फटकार और हिदायत दी लेकिन उनकी इस फटकार का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा यही वजह रही कि शुक्रवार को भी विधानसभा की कार्रवाई शुरू होने पर बहुत ही कम संख्या में विधायक नजर आए जानकारी के अनुसार राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली विधायक हरीश चौधरी जैसे कई नेता दिल्ली में राहुल गांधी के साथ मीटिंग में व्यस्त थे इसलिए कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने यह सोच लिया कि हमारे बड़े नेता तो आज यहां है नहीं इसलिए उन्होंने भी कहीं ना कहीं सदन की कार्रवाई से दूरी बनाए रखी जिसकी वजह से स्पीकर काफी नाराज दिखे।

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
21 फरवरी, 2026


## सरकार द्वारा पेंशन बन्द किये जाने पर रोटेरी क्लब अरावली ने की पोलियो पीडिता की सहायता



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मालाखेडा के पृथ्वीपुरा ग्राम पंचायत के गॉव बलदपुरा गॉव की पोलियो पीडित गुड्डी देवी महिला को सरकारी दस्तावेजों मृत बताकर उसकी पेंशन सरकार द्वारा बन्द किये जाने की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से रोटरी क्लब अरावली के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गोयल को मिलने पर रोटेरी क्लब अरावली पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गोयल एवं अशोक जैन समाजसेवी (गोविन्दगढ़ वाले) उसकी मदद करने उसके गॉव पहुॅचे और लगभग 11 महिने का राशन और दवाई, कपड़े, जूते आदि भेट किये गये साथ ही उसे आश्वासन दिया कि आगे भी मदद करने का वादा किया। पोलियों पीडिया की सहायता करते समय रोटेरी क्लब अरावली के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र गोयल, पीयूष जैन, अशोक जैन समाज सेवी (गोविन्दगढ़ वाले), आत्माराम, मार्केटिंग कॉर्डिनेटर फोर्टिस हॉस्पिटल, जयपुर, अनिल नागर, अध्यक्ष परिजय कला संस्थान साथ रहे।

## कृषि विभाग की टीम ने निरीक्षण कर 195 कट्टे यूरिया किए जप्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा के निर्देशन में कृषि ग्रेड के यूरिया का उपयोग करने की शिकायत पर सहायक निदेशक पवन यादव एवं कृषि अधिकारी पूरण यादव की टीम द्वारा भिवाडी में रिको इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित ऐकाक्ष पॉलिमर्स फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 195 कट्टे यूरिया के संदिग्ध होने पर जप्त किए गए तथा मौके पर ही उनका नमूना लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया। नमूनों में यूरिया कृषि ग्रेड होना पाए जाने पर संबंधित फैक्ट्री के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सघन जांच अभियान, 410 कंपनियों को नोटिस जारी

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** कारौली भिवाड़ी स्थित रीको भू-खण्ड में हुई फैक्ट्री आगजनी की गंभीर घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा औद्योगिक इकाइयों की व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा डॉ आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार गठित संयुक्त जांच समिति द्वारा भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित इकाइयों का विस्तृत निरीक्षण किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र ने बताया कि 17 फरवरी से 19 फरवरी 2026 तक विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान रीको प्रथम इकाई द्वारा 428 कंपनियों, रीको द्वितीय इकाई द्वारा 355 कंपनियों, फैक्ट्री एवं बॉयलर्स विभाग द्वारा 75 कंपनियों, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा 250 कंपनियों, श्रम विभाग द्वारा 50 कंपनियों तथा नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा 148 कंपनियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 410 कंपनियों में विभिन्न विभागीय मानकों एवं नियमों का पूर्ण पालन नहीं पाए जाने पर संबंधित विभागों द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। इन कंपनियों को निर्धारित समयावधि में आवश्यक सुधार एवं अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों, पर्यावरणीय नियमों एवं श्रम कानूनों की पालना सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की पुनरावृत्ति को रोकना तथा औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षित एवं नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करना है।

## बालिकाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुरः छेड़छाड़ व छींटाकशी से बचाव के लिए किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध व अनुसंधान प्रकोष्ठ हवा सिंह के सुपरविजन में जिलेभर में महिलाओं व बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बसेड़ी थाना क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बौरेली में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण टीम की ओर से छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को छेड़छाड़, छींटाकशी व अन्य आपराधिक घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। टीम ने छात्राओं को महिला व बाल सुरक्षा से संबंधित नए कानूनों के प्रावधानों से अवगत कराया और महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस की ओर से जिलेभर में स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। साथ ही सार्वजनिक परिवहन साधनों में सादा वर्दीधारी पुलिसकर्मियों की तैनाती कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण दल की महिला हेड कांस्टेबल मुन्नी देवी, कांस्टेबल शबाना, कांस्टेबल ओमवती सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिशन मीणा, अन्य शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।



# जिले में अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम के लिए संबंधित विभागों ने की कार्रवाई

### पुलिस द्वारा 30 वाहन जप्त, 4 प्रकरण दर्ज व 3 आरोपी गिरफ्तार

### खनि, राजस्व एवं पुलिस विभाग का संयुक्त दल भी रहा फील्ड निरीक्षण पर





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खनि अभियन्ता मनोज शर्मा ने बताया कि अलवर जिले में पुलिस के द्वारा खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में अनियमिता पाए जाने पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर 15 डम्पर, 14 ट्रैक्टर, 1 जेसीबी जब्त कर 4 प्रकरण दर्ज किए तथा 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरणों में खनि, परिवहन एवं पुलिस द्वारा विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई की जावेगी।

उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा पुलिस थाना क्षेत्र टहला में 10 डम्पर, 1 ट्रैक्टर, ट्रोली एवं पुलिस थाना उद्योग नगर क्षेत्र में 3 ट्रैक्टर, ट्रोली जप्त की गई। इसी प्रकार पुलिस थाना गोविन्दगढ क्षेत्र में 2 ट्रैक्टर, ट्रोली जप्त कर एक प्रकरण दर्ज किया गया व 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस थाना सदर क्षेत्र में 1 प्रकरण दर्ज किया गया, पुलिस थाना नौगांवा क्षेत्र में 2 डम्पर व 1 ट्रैक्टर, ट्रोली, पुलिस थाना अरावली विहार क्षेत्र में 3 ट्रैक्टर, ट्रोली जप्त की गई। पुलिस थाना मालाखेडा क्षेत्र में 1 जेसीबी जप्त कर 1 प्रकरण दर्ज किया। पुलिस थाना वैशाली नगर क्षेत्र में 2 ट्रैक्टर, ट्रोली, पुलिस थाना विजय मंदिर क्षेत्र में 1 ट्रैक्टर, ट्रोली जप्त की गई। पुलिस थाना रैणी क्षेत्र में 1ट्रैक्टर, ट्रोली जप्त कर 1 प्रकरण दर्ज किया तथा 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा पुलिस थाना प्रतापगढ क्षेत्र में 3 डम्पर जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन पर जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध उक्त संबंधित विभागों के द्वारा निरन्तर प्रभावी कार्रवाई एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जावेगी।

**खनि, पुलिस एवं राजस्व विभाग के दल ने किया फील्ड निरीक्षण**

खनि अभियन्ता मनोज शर्मा ने बताया कि समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका के 20 फरवरी 2026 के संस्करण में प्रकाशित अलवर में चल रहा अवैध खनन का फोटो 6 फरवरी 2026 का लिया गया है जो समाचार पत्र वाइस ऑफ प्रतिज्ञा के 18 फरवरी 2026 के संस्करण में प्रकाशित फोटो के समरूप है। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को 2026 को ही वरिष्ठ खनिकार्यदेशक के जांच दल द्वारा जिले के उक्त क्षेत्र प्रतापगढ तहसील के क्षेत्र समरा, नीजरा, जगन्नाथपुरा, कलसीकाला में अवैध खनन की चैकिंग में विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन के कुल चार पिट आयतन 173 घनमीटर से आंकलित मात्रा 450 टन खनिज मार्बल खण्डा का अनाधिकृत निर्गमन किया जाना पाया गया, जिस पर अवैध खननकर्ताओं के विरूद्ध पुलिस थाना प्रतापगढ में उसी दिन एमएमडीआर एक्ट एवं बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिसमें संबंधित अवैध खनन स्थल भी सम्मिलित है।

### *अवैध खनन के विरूद्ध अभियान के तहत करीब एक सौ प्रकरणों में की गई कार्रवाई*

*खनि अभियन्ता ने बताया कि जिले में अवैध खनन, निर्गमन एवं भण्डारण के विरूद्ध 29 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक चलाए गए अभियान के तहत अलवर जिले में कुल 71 प्रकरणों में कार्रवाई की गई, जिसमें से 20 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई तथा 12 संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इसके तहत 728 टन खनिज जप्त किया गया, 4 क्रेन व 40 अन्य वाहन जप्त किए गए तथा 61.84 लाख रूपये की राशि आरोपित की गई तथा 41.52 लाख रूपये की शास्ति राशि वसूल की गई। इसी प्रकार खैरथल-तिजारा जिले में कुल 25 प्रकरणों में कार्रवाई की गई, जिसमें 380 टन खनिज जप्त किया गया, 16 वाहन जप्त किए गए तथा 86.70 लाख रूपये की राशि आरोपित की गई तथा 8.7 लाख रूपये की शास्ति राशि वसूल की गई।*

उन्होंने बताया कि उक्त प्रकाशित समाचार में खैरथल-तिजारा जिले के 10 स्पॉट में अवैध खनन होने का उल्लेख किया गया है। जिला कलक्टर के निर्देशन पर हसनपुरमाफी, नीमली, बागोर, पापडी, खरखडी व चौपानकी आदि क्षेत्र का पुलिस, राजस्व एवं खनि विभाग के दल द्वारा निरीक्षण किया गया जहां अवैध खनन नहीं होता पाया गया।

## गोल्डन ट्यूलिप होटल सहित कई प्रतिष्ठानों के खाद्य सैंपल फेल, 46 लाख रुपये का जुर्माना- होली से पहले मिलावटखोरों पर सख्ती

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान में कई प्रतिष्ठानों के खाद्य पदार्थ निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि पिछले चार महीनों के दौरान जिले में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिए गए सैंपलों में से करीब 22 फर्मों के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत फेल पाए गए हैं। इन मामलों में माननीय एडीएम कोर्ट द्वारा अब तक संबंधित फर्मों पर लगभग 46 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार ने बताया कि जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों के खाद्य पदार्थ 'असुरक्षित' एवं 'अवमानक' श्रेणी में पाए गए। इनमें भिवाड़ी स्थित गोल्डन ट्यूलिप होटल का पनीर एवं दही, विनोद बिग बाजार भिवाड़ी का सप्तऋषि ब्रांड सिंघाड़ा आटा, तथा रोशन लाल एंड ब्रदर्स तिजारा का मास्टर जी ब्रांड गुलाब शरबत शामिल हैं। इसके अलावा मैसर्स वेद प्रकाश किराना स्टोर बुढी बावल का लाल मिर्च पाउडर, तिरुपति गेट टूगेदर रेस्टोरेंट भिवाड़ी का पनीर, यादव फूड सप्लाई एंड बेवरेज भिवाड़ी का रसगुल्ला छेना, आदिल पालपुर तिजारा एवं कृष्ण भोजराजका कोटकासिम का मिश्रित दूध, आनंद डेयरी खैरथल का घी (लूज), श्री राधा रानी मिष्ठान भंडार हरसोली का बेसन लड्डू, परम स्वीट्स एंड स्नैक्स एवं ब्लेसिंग द फूड जंक्शन भिवाड़ी की मिठाइयां, अशोक स्वीट्स हाउस बहादुरपुर का कलाकंद, बल्लभगढ़ कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन खैरथल एवं पवन डेरी लोहादरा का दूध, शर्मा स्वीट्स कोटकासिम एवं राजेंद्र मिष्ठान भंडार तिजारा का पनीर, चाहत किराना स्टोर खैरथल का लाल मिर्च पाउडर तथा हरिओम मिष्ठान भंडार तिजारा का कलाकंद भी जांच में मानकों पर खरे नहीं उतरे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इन सभी मामलों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ न्यायालयीन प्रक्रिया के माध्यम से जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट ने कहा कि आगामी होली एवं शादी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत दूध, मावा, मिठाई, मसाले, पेय पदार्थ एवं अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लेकर जांच की जाएगी, ताकि आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं मिलावट या संदिग्ध खाद्य पदार्थ की जानकारी मिले तो तत्काल खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। विभाग द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## विधायक महंत बालकनाथ योगी ने विधानसभा में खेल व उद्योग मुद्दों पर कांग्रेस को घेरा

### भिवाड़ी-तिजारा सहित प्रदेश में खेल अवसंरचना विस्तार और औद्योगिक सुधारों की उठाई मांग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/तिजारा।** तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी ने राजस्थान विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान खेल और उद्योग से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए कांग्रेस पर खेलों को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में वर्ष 2014 के बाद देश में युवाओं का खेलों से जुड़ाव ऐतिहासिक रूप से बढ़ा है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने भी पिछले दो वर्षों में खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की तुलना में अधिक प्रभावी हैं। विधायक ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि गहलोत सरकार ने पांच वर्षों में खेलों पर 70 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार ने मात्र दो वर्षों में 40 करोड़ रुपये व्यय किए हैं। खेल कोटे की नियुक्तियों में कांग्रेस सरकार ने पांच साल में 148 नियुक्तियां दीं, जबकि वर्तमान सरकार दो वर्षों में 186 नियुक्तियां दे चुकी है। खेल उपकरणों पर खर्च के मामले में भी वर्तमान सरकार ने दो वर्षों में 19 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि पूर्व सरकार ने पांच वर्षों में 7 करोड़ रुपये व्यय किए थे। उन्होंने इन कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन करते हुए कहा कि आने वाले समय में खेल सहित अन्य क्षेत्रों में और अधिक कार्य किए जाएंगे। इस दौरान विधायक ने कहा कि सांसद रहते हुए उन्होंने भिवाड़ी खेल स्टेडियम को 'खेलो इंडिया' योजना के अंतर्गत प्रस्तावित किया था, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस परियोजना को पुनः प्रारंभ करने का आग्रह किया। साथ ही तिजारा में स्टेडियम, सिंथेटिक ट्रैक सहित आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित करने तथा पूरे प्रदेश में खेलों के लिए पृथक भूमि आवंटन और शारीरिक शिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग रखी। औद्योगिक विषयों पर बोलते हुए महंत बालकनाथ योगी ने भिवाड़ी (खुशखेड़ा) औद्योगिक क्षेत्र में अग्निकांड की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उद्योगों की नियमित जांच, नवीनीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों के सख्त पालन की आवश्यकता जताई। मुआवजे के मुद्दे पर विपक्ष द्वारा टोके जाने पर उन्होंने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। अंत में उन्होंने चौपानकी औद्योगिक क्षेत्र में इंडस्ट्रियल पार्क के विकास, सीवरेज समस्या के समाधान तथा पर्यावरणीय एवं ढांचागत सुधारों को प्राथमिकता देने की मांग भी सदन में रखी।

## नगर निगम कर्मियों पर महिला से अभद्रता और मारपीट का आरोप

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अलवर जिले में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, सोना मीना नाम की महिला को नगर निगम के दस्ते और गार्डों ने सड़क पर मौजूद लोगों के सामने कथित रूप से धक्का-मुक्की कर बेइज्जत किया। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान महिला को समझाने के बजाय बल प्रयोग किया गया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नजर नहीं आ रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी है। मामले को लेकर मांग की गई है कि जिस अधिकारी को अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी दी गई थी, उसका नाम सार्वजनिक किया जाए। साथ ही महिला के साथ अभद्रता करने वाले कर्मचारियों और गार्डों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उन्हें तुरंत निलंबित किया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि कानून सभी के लिए बराबर है और किसी महिला की सार्वजनिक रूप से बेइज्जती करना गलत है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## खबर का असरः वेरा रामपुरा में जलभराव की समस्या पर हरकत में आया प्रशासन, आनन-फानन में डलवाई बजरी

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर(निस)।** विकास के दावों के बीच ग्राम पंचायत वेरा जेतपुरा के वेरा रामपुरा गांव में लंबे समय से बनी जलभराव एवं कीचड़ की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। गांव की गलियों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हालात बदतर हो गए हैं। सड़कें कीचड़ में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले पांच वर्षों से सड़क व नाली निर्माण की मांग को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। जलभराव के कारण बच्चों का स्कूल जाना जोखिम भरा हो गया है, वहीं महिलाएं एवं बुजुर्गों को फिसलने से चोटिल होने का खतरा बना रहता है। बरसात के दिनों में पूरे क्षेत्र में तालाब जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक ले जाना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। मामले को दैनिक जयपुर टाइम्स में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया। ग्राम विकास अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इसके पश्चात जलभराव वाले क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से बजरी डलवाई गई, ताकि पानी की निकासी हो सके। सूत्रों के अनुसार पानी सूखने के बाद नाली निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व भी अस्थायी समाधान किए गए हैं, जो कुछ समय बाद बेअसर साबित हुए। ऐसे में अब ग्रामीण स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

जल संरक्षण की दिशा में बढ़ते कदम

# शहर में वर्षा जल संचय हेतु एनीकट एवं पॉण्ड निर्माण कार्य प्रगति पर

### वर्षा जल के एकत्रित होने पर भूजल का स्तर बढ़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में जल संचयन के उद्देश्य से वर्षा जल को सहेज कर भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए तीव्र गति से जोहड, एनीकट, बांध, तालाब आदि जल संचय संरचनाओं का निर्माण करा रही है। इससे बूंद-बूंद जल का संचयन होने के साथ-साथ भूजल स्तर में बढ़ोतरी होकर प्रदेश की जल की समस्या के समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इसी कड़ी में अलवर शहर में पेयजल समस्या के निदान हेतु केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के सार्थक प्रयासों से अलवर शहर में वर्षा जल व्यर्थ ना बहकर वर्षा जल संरक्षित हो सके तथा भूजल लेवल रिचार्ज होकर शहर का भूजल स्तर बढ़ सके, इसी उद्देश्य से शहर के विभिन्न स्थानों पर नगर निगम द्वारा वर्षा जल संरक्षण हेतु एनीकट एवं पॉण्ड का निर्माण कराया जा रहा है।

**करीब 10 करोड़ की राशि से कराया जा रहा है जल संरचनाओं का निर्माण**

नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर नगर निगम क्षेत्र में करीब 10 करोड़ की राशि से एनीकट, पॉण्ड, चैनल आदि निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, जिनकी कुल क्षमता 76260 घनमीटर है। जिनमें अलवर शहर में भूरासिद्ध मंदिर, प्रतापबंध एवं जरखवाला नाला के पास एनीकट व पॉण्ड निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इन जल संरचनाओं के निर्माण से इनमें वर्षा जल की आवाक होगी तथा शहर के बड़े हिस्से में जल स्तर बढेगा, साथ ही वन्य जीवों, पशु-पक्षियों इत्यादि के लिए पीने के पानी की उपलब्धता सुलभ होगी। एक जगह पानी के ठहराव की वजह से आसपास के क्षेत्र में नमी बनेगी, जिससे पेड-पौधों के साथ घास व झाडियां हरी-भरी होकर मवेशियों व जानवरों के लिए भी चारे की उपलब्धता हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा अलवर शहर में वर्षा जल संरक्षण हेतु 2 करोड़, 22 लाख, 64 हजार 536 रूपये की लागत से भूरासिद्ध मंदिर के पास 2 पॉण्ड एवं एनीकट निर्माण कार्य कराया जा रहा है। दोनों पॉण्डों की खुदाई एवं डैम स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा फिनिशिंग कार्य प्रगतिरत है। यह प्रोजेक्ट 10 हैक्टेयर कैचमेंट एरिया के लिए डिजाइन किया गया है, इसकी 28860 घन मीटर पानी की क्षमता है। इसी प्रकार प्रतापबंध के पास 4 करोड़ 94 लाख 88 हजार 497 रूपये की लागत से एक पॉण्ड एवं सोनानाथ की बावडी तक चैनल की खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। चैनल की मैसनरी का कार्य एवं पॉण्ड की रिटेनिंग वॉल के लिए खुदाई कार्य प्रगतिरत है। यह प्रोजेक्ट 17 हैक्टेयर कैचमेंट एरिया के लिए डिजाइन किया गया है, इसकी 21 हजार घनमीटर पानी क्षमता है। वहीं जरखवाला नाला के पास 3 करोड़ 61 लाख 84 हजार 254 रूपये की लागत से दो पॉण्ड एवं एनीकट निर्माण कार्य कराया जा रहा है। दोनों पॉण्ड की खुदाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। पॉण्ड पर पिचिंग कार्य चल रहा है तथा डैम स्ट्रक्चर का कार्य 1.50 मीटर प्लिन्थ के ऊपर तक पूर्ण हो चुका है। यह प्रोजेक्ट 40 हैक्टेयर कैचमेंट एरिया के लिए डिजाइन किया गया है, जिसकी 26400 घन मीटर पानी की क्षमता है।

# मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने जारी किया फरमान : प्रदेश में अब आईएएस राजस्थान संपर्क पोर्टल में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से निर्देश मिलने के बाद प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने एक नया आदेश जारी किया है जिसमें उन्होंने प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, और सचिव को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर बैठकर रोजाना लोगों की शिकायतों को सुनकर उनके निदान करने की बात कही है रोजाना भारतीय प्रशासनिक सेवा का एक अधिकारी राजस्थान पोर्टल सेंटर में बैठेगा और कम से कम 10 लोगों की शिकायतें सुनकर उनके निदान का प्रयास करेगा जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव की ओर से जारी किए गए इस आदेश में करीब 37 अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख



सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को चिन्हित करके उन्हें एक योजना के अनुसार राजस्थान संपर्क पोर्टल दफ्तर में बैठकर लोगों की शिकायतें सुनने को कहा गया है इसके लिए विभिन्न विभागों में पोस्टेड भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आपस में समन्वय बनाते हुए राजस्थान पोर्टल सेंटर में बैठने का कार्यक्रम निर्धारित करेंगे और इस तरह की व्यवस्था रोजाना होगी जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी को राजस्थान संपर्क पोर्टल के दफ्तर में जाना ही होगा और वहां लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निदान करना होगा उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कुछ महीनो में कई बार खुद राजस्थान संपर्क पोर्टल सेंटर के दफ्तर में जाकर वहां की व्यवस्थाओं का उन्होंने जायजा भी लिया और खुद प्रदेश के पीड़ित लोगों से उन्होंने बातचीत करके उनके समस्याओं को सुना और उनका निदान भी किया ऐसा मुख्यमंत्री शर्मा ने कई बार किया है अब मुख्यमंत्री शर्मा की पहल पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसी तरह से राजस्थान संपर्क पोर्टल में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनने को कहा गया है इसके लिए राजस्थान संपर्क पोर्टल दफ्तर में बैठने वाले अधिकारी को कम से कम 10 लोगों की समस्याओं को सुनकर उसके निदान के प्रयास करने होंगे जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की हर जाति और बिरादरी के लोगों की भलाई और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर तरह से सतत प्रयास कर रहे हैं इसके लिए उन्होंने जिला कलेक्टरों को भी बाकायदा ग्रामीण चौपाल आयोजित करके लोगों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हुए हैं जिसके माध्यम से प्रदेश के कई जिलों के कलेक्टर बाकायदा ग्रामीण चौपाल का आयोजन करके लोगों की समस्याओं को सुन भी रहे हैं इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा यह चाहते हैं कि सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क पोर्टल सिर्फ प्रदेश की जनता के लिए सिर्फ खानापूर्ति और कागजी कार्रवाई बनकर नहीं रह जाए इसलिए वे चाहते हैं कि इस पोर्टल के प्रति प्रदेश के लोगों का विश्वास और भरोसा मजबूत हो और यह तभी होगा जब इस पोर्टल के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान होगा इसीलिए उन्होंने शासन सचिवालय में विभिन्न विभागों में बैठे अधिकारियों को बारी-बारी से राजस्थान संपर्क पोर्टल के दफ्तर में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनने को कहा है अब देखने वाली बात यह है की मुख्य सचिव श्रीनिवास के इस आदेश को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कितनी गंभीरता से लेते हैं।

## मदन दिलावर ने शिक्षा और स्कूल के मामले में विधानसभा में विपक्ष की बोलती बंद कर दी, तथ्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करके विपक्ष को किया बैक फुट पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में शिक्षा और स्कूलों के मामले में विपक्ष के नेताओं की बोलती बंद कर दी दिलावर शिक्षा और स्कूलों के मामले में पूरी तैयारी और स्टडी करके आंकड़ों के साथ शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे थे जहां अपने भाषण के दौरान उन्होंने पिछली गहलोत सरकार और



अपनी सरकार के 2 साल के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों का जीवन बर्बाद कर दिया पिछली सरकार ने बड़ी संख्या में स्कूल क्रमानत की लेकिन उन्होंने एक भी पद नहीं भरा जबकि हमारी सरकार ने अब तक हर साल शिक्षकों की भर्ती के लिए एग्जाम आयोजित करवाए हैं और हमारी सरकार 72000 शिक्षकों के पद भरने की प्रक्रिया में चरणबद्ध तरीके से हर साल कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने शिक्षा और स्कूल की बिल्डिंग के मामले में जो अपराध किया है उसको ईश्वर भी माफ नहीं करेगा जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के सदस्यों की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश की भजनलाल सरकार पर कई तरह के आरोप लगाए थे जिनका सटीक जवाब देने के लिए मदन दिलावर शुक्रवार को आंकड़ों के साथ सदन में पहुंचे और उन्होंने पिछली गहलोत सरकार और अपनी सरकार के अब तक के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया जो नवाचार किया और जो फैसले लिए और जो बजट जारी किया उन सब के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सदन में विपक्ष के सदस्यों की बोलती बंद कर दी मदन दिलावर के सटीक भाषण पर विपक्ष के किसी भी नेता ने टोका टाकी नहीं की क्योंकि दिलावर ने इस तरह से अपना भाषण प्रस्तुत किया था जिसे सुनकर विपक्ष के सदस्यों को दिलावर के भाषण को गलत करार करने का कोई रास्ता ही नजर नहीं आया इसलिए शुक्रवार को विधानसभा में मदन दिलावर पूरी तरह से विपक्ष पर हावी रहे।

## सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने किया 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रखर नवनीत द्वारा आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 'नारी तू नारायणी' सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं प्रदान कीं। यह कार्यक्रम आगामी 22 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। हर वर्ष आयोजित होने वाले इस विशेष समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां स्थापित करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम की आयोजक एवं प्रखर नवनीत की संपादक




भारती खंडेलवाल ने बताया कि 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम जयपुर का एक प्रतिष्ठित सम्मान समारोह बन चुका है, जो महिलाओं को आगे बढ़ने और समाज में नई पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम संयोजक रामचरण बडाया ने कहा कि महिलाओं के सम्मान की यह अनूठी पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है तथा अनेक महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करती है। आज यह कार्यक्रम जयपुर का एक प्रेस्टीज अवॉर्ड माना जाता है। इस अवसर पर शेल्बी हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. धीरज दुबे एवं ब्रेन टावर हॉस्पिटल के एमडी डॉ. सुनीत शाह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

## राज्यपाल बागडे ने सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक ली




जयपुर

**जयपुर (का.सं.) टाइम्स**

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय में अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, परिणामोन्मुख अनुसंधान, परीक्षा प्रणाली, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, सामुदायिक सेवाओं तथा छात्र कल्याण से संबंधित विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। राज्यपाल बागडे ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय दीर्घकालीन कार्ययोजना तैयार कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित और परिणामोन्मुख बनाए। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण मॉड्यूल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को इस प्रकार डिज़ाइन किया जाए कि विद्यार्थियों को पुलिस सेवाओं एवं रक्षा सेवाओं की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो। राज्यपाल ने समय-समय पर एजी ऑडिट करवाने के निर्देश देते हुए प्रशासनिक पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने की आवश्यकता दोहराई। साथ ही राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर उच्चस्तरीय अध्ययन-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा प्रति माह प्रतिष्ठित विद्वानों को आमंत्रित कर ज्ञान-सहभागिता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को राष्ट्र निर्माण का वैचारिक केंद्र बनना चाहिए, जहाँ से अनुशासित, राष्ट्रनिष्ठ एवं नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण नेतृत्व तैयार हो। नई शिक्षा नीति भारतीय मूल्यों और राष्ट्रीय दृष्टि पर आधारित है, अतः भारतीय ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक अनुसंधान का समन्वय कर विद्यार्थियों के ज्ञान, चरित्र एवं कौशल का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाए।

## जल महल पर वायु सेना के हेलीकॉप्टरों का शानदार और ऐतिहासिक शो, कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित हुआ यह भव्य कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर के विश्व विख्यात पर्यटक स्थल जल महल के आसमान पर शुक्रवार को एयर फोर्स के हेलीकॉप्टरों ने ऐतिहासिक और शानदार शो का आयोजन करके दर्शकों का दिल भी जीत और देशवासियों को यह संदेश दिया कि इंडियन एयर फोर्स कितनी ताकतवर और कितनी रणनीति में चतुर है इस शो के आयोजन से एयरफोर्स ने देश के युवाओं को देशभक्ति से जोड़ने की दिशा में भी शानदार शो के माध्यम से अनूठा कार्य किया है क्योंकि इस आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे थे हालांकि जिन्होंने इस कार्यक्रम को देखने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया हुआ था उन्हें ही वाहन मौके पर देखने की अनुमति दी गई थी इसके लिए वकायदा रजिस्ट्रेशन करवाने वालों से आईडी कार्ड भी चेक किया गया है मौके पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे पुलिस जिला प्रशासन और एयरफोर्स प्रशासन की ओर से जल महल और आसपास के पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे इसके अलावा हेलीकॉप्टरों के इस शानदार आयोजन की अवधि के दौरान आसमान में किसी को भी किसी भी तरह की गतिविधि नहीं करने को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए थे यहां तक की ड्रोन, पतंग इत्यादि सभी पर प्रतिबंध लगाया गया तथा आमेर -जयपुर रोड को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था एयरफोर्स के हेलीकॉप्टरों की ओर से आसमान में सूर्य किरण जैसी लाजवाब प्रस्तुति की गई हेलीकॉप्टरों ने आसमान में दिल, मिरर, क्रूज, डायमंड जैसी आकार की प्रस्तुतियों में हेलीकॉप्टरों की पोजीशन दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया गौरतलब है कि अभी कुछ दिन पहले ही राजधानी जयपुर के महल



रोड पर मिलिट्री की ओर से एक शानदार रोड शो का आयोजन किया गया था जिसमें मिलिट्री के जवानों ने कई तरह के करतब किए थे इसके अलावा इस रोड शो में इंडियन मिलिट्री में मौजूद विभिन्न हथियारों यंत्र और उपकरण की प्रदर्शनी भी लोगों को दिखाई गई थी जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने इस रोड शो को देखा था अब शुक्रवार को राजधानी जयपुर के जल महल के आसमान पर एयरफोर्स के जवानों ने हेलीकॉप्टर के माध्यम से जो करतब दिखाया है वह यह दिखाता है की राजधानी जयपुर को इंडियन मिलिट्री और एयरफोर्स कितना महत्व देती है एक के बाद एक जिस तरह से यहां मिलिट्री की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जो कहीं ना कहीं यह दर्शाता है कि इंडियन मिलिट्री भी राजस्थान के युवाओं के जज्बे और राजस्थान के लोगों की देशभक्ति की भावना को सलूट करती है और यहां के लोगों को रोमांचित करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिसकी वजह से जयपुर के लोग भी इंडियन मिलिट्री और एयरफोर्स को सलूट करते हुए दिखाई देते हैं।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं का प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन, मौके पर तनाव के हालात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** एनएसयूआई की ओर से दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कार्यक्रम में उग्र प्रदर्शन करने के विरोध में राजस्थान में जयपुर में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शुक्रवार को सड़क पर उतर आए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी की और राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं के पुतले जलाकर अपना विरोध प्रकट किया हालांकि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के गुस्से को देखते भी जयपुर पुलिस ने पहले ही प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी थी और बड़ी संख्या में यहां पर पुलिस बल तैनात किया गया था तथा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के आसपास बैरिकेट्स लगाकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन इस विरोध प्रदर्शन में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए थे जो नारेबाजी करते थे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के गेट तक पहुंच गए जहां पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच आपस में जोरदार टकराव के हालात भी देखने को मिले युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आक्रोशित होकर जोर-जोर से नारेबाजी कर रहे थे और प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में घुसने का भी प्रयास कर रहे थे लेकिन पुलिस के अधिकारियों ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को समझा बूझकर शांत करने का प्रयास किया बाद में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के नजदीकी राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के कई अन्य नेताओं के पुतले जलाकर अपना विरोध प्रकट किया जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जब प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन कर रहे थे उस समय प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तो नहीं थे लेकिन प्रदेश कांग्रेस के संगठन से जुड़े कई बड़े नेता कार्यालय में मौजूद जरूर थे इसलिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर युवा मोर्चा के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठे संगठन से नेताओं के चेहरे पर चिंता की लकीर जरूर छा गई थी क्योंकि उन्हें ऐसा लग रहा था कि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ कर सकते हैं और उन पर हमला भी कर सकते हैं लेकिन पुलिस ने उन्हें प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में घुसने से रोक दिया।

## खाटू श्याम बाबा मेले का आज होगा भव्य आकाश, पुलिस और प्रशासन तथा मंदिर कमेटी प्रशासन की सभी तैयारियां पुरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** देश और विदेश में करोड़ों लोगों के आस्था का प्रतीक खाटू श्याम बाबा के मेले का आज आगाज होगा इसके लिए पुलिस जिला प्रशासन और मंदिर कमेटी प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है मेले में 30 ब्लॉक स्थापित किए गए हैं तथा खाटू श्याम बाबा के दर्शन के दौरान किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था नहीं हो तथा श्रद्धालु शांतिपूर्वक बारी-बारी से बाबा के दर्शन कर सके इसके लिए हर साल की तरह इस बार भी पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं बड़ी संख्या में मंदिर परिसर और मंदिर के आसपास के इलाके में सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए हैं इसके अलावा खुफिया पुलिस के जवान भी मेले की गतिविधियों पर नियमित रूप से अपनी निगाह रखेंगे यह मेला 8 दिन तक संपादित होगा और मेले के इन आठ दिनों में करीब 30 लाख श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने की बात कही जा रही है इसलिए पुलिस और प्रशासन के तमाम छोटे बड़े अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर आ गए हैं बड़ी संख्या में यहां पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं इसके अलावा दमकल की गाड़ियां, मोबाइल चिकित्सा वेन इत्यादि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है पार्किंग की सोनियोजित व्यवस्था की गई है सीकर जिले के खाटू श्याम जी में स्थित खाटू श्याम जी का यह मंदिर वैसे तो साल भर ही श्रद्धालुओं की आकर्षण का केंद्र बना रहता है यहां पर रोजाना बड़ी संख्या में देश और विदेश के श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं लेकिन वर्ष में माघ माह में यहां विशेष मेले का आयोजन होता है जिसमें रोजाना लाखों की संख्या में लोग यहां दर्शन करने




आते हैं इसीलिए आज से 8 दिन तक शुरू हो रहे खाटू श्याम बाबा के इस भव्य मेले को लेकर स्थानीय लोग और व्यापारी गण भी काफी खुश है जानकारी के अनुसार यहां हजारों की संख्या में लोग पैदल यात्रा करते हुए जुलूस के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्र से दर्शन करने के लिए आते हैं जिसमें बच्चे युवा बुजुर्ग हर आयु वर्ग के लोग शामिल होते हैं कई लोग कनक दंडवत लगाते हुए भी बाबा के दरबार में पहुंचते हैं यहां पर जगह-जगह अनेक भजन और सत्संग के आकर्षण कार्यक्रम होते हैं जिसमें प्रमुख गायक और गायिकाएं खाटू श्याम बाबा के भजन प्रस्तुति करके श्रद्धालुओं को रोमांचित कर देते हैं एक अलग ही यहां पर भक्ति का माहौल कई दिनों तक बना रहता है और जो यहां एक बार आ जाता है वह बाबा के दरबार में बार-बार जरूर आता है कई लोग ऐसे हैं जो कई दिनों तक यहां पर परिवार के साथ आते हैं और हर दिन बाबा के दर्शन कर यहीं पर भोजन प्रसादी करते हैं इनमें बड़े-बड़े व्यापारी उद्योगपति राजनेता विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग होते हैं जो यहां बाबा के दरबार में आकर खुद को धन्य समझते हैं।

### हाई कोर्ट में तीन आरडीएक्स और प्वाइजन बम रखे हुए हैं :

## मुख्य न्यायाधीश का दौरा रद्द करवा दो, कोर्ट परिसर और पास के दो मकान खाली करवा लो

### जयपुर में राजस्थान हाई कोर्ट को फिर मिला धमकी, पुलिस और न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों में खलबली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में राजस्थान हाई कोर्ट में ईमेल के माध्यम से फिर मैसेज दिया गया की हाई कोर्ट पेरिस में तीन आरडीएक्स और पॉइजन बम रखे हुए हैं इसलिए मुख्य न्यायाधीश का दौरा रद्द करवा दे और हाई कोर्ट परिसर और पास के दो मकान खाली करवा लो इस तरह का ईमेल मैसेज आने के बाद हाई कोर्ट प्रशासन से जुड़े लोगों को न्याय व्यवस्था से जुड़े वकीलों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची मौके पर डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते भी बुलाए गए काफी देर तक हाई कोर्ट परिसर में कई जगहों पर तलाशी ली गई तथा हाई कोर्ट परिसर के आसपास भी जांच पड़ताल की गई लेकिन पुलिस की जांच पड़ताल में कहीं पर भी किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इसके बाद जयपुर पुलिस ने एक बार फिर से ईमेल से आएगी सूचना को बकवास बताया जानकारी के अनुसार फरवरी महीने में ही जयपुर में हाई कोर्ट को ईमेल के माध्यम से चौथी बार बम होने की सूचना दी गई है और अब तक जयपुर पुलिस ईमेल करने वाले लोगों को चिन्हित नहीं कर पाई है इस तरह की



सूचनाओं पिछले कुछ महीनो से बार-बार दी जा रही है जयपुर ,जोधपुर, उदयपुर, अजमेर और कई अन्य जगहों पर भी बम होने की सूचनाओं दी गई लेकिन यह सारी सूचनाओं अब तक गलत साबित हुई लेकिन चिंता वाली बात यह है कि ईमेल करने वाले लोगों को पुलिस चिन्हित नहीं कर पाई है कहीं ना कहीं तकनीकी तौर पर जयपुर पुलिस साइबर क्राइम करने वाले लोगों के इस जाल को तोड़ नहीं पा रही है यही वजह है कि बार-बार फर्जी सूचना ईमेल के माध्यम से देखकर प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था को डिस्टर्ब करने का प्रयास किया जा रहा है और बार-बार राज कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है इस बात को लेकर राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली थी राजस्थान पुलिस पर कई बार सवाल खड़े कर चुके हैं और कह चुके हैं की बार-बार इस तरह की धमकियां मिल रही है लेकिन पुलिस धमकी देने वाले लोगों को पहचान नहीं पा रही है जो वास्तव में चिंता का विषय है हालांकि पुलिस ने एक बार फिर से शुक्रवार को आए ईमेल की जांच पड़ताल शुरू कर दी है अब देखने वाली बात यह है कि पुलिस ईमेल करने वाले व्यक्ति को पहचान पाती है या नहीं।

# दिल्ली में डोटासरा और जूली की राहुल गांधी मल्लिकार्जुन खड़के के साथ बैठक, अमेरिका भारत ट्रेड डील को लेकर रणनीति तैयार

### बैठक में विभिन्न राज्यों के कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और प्रतिपक्ष के नेता भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में बैठे सभी बड़े नेता अमेरिका भारत ट्रेड डील को आने वाले दिनों में एक बड़ा मुद्दा बना सकते हैं इसी के परिपेक्ष में शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी बैठक आयोजित हुई जिसमें राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और विभिन्न राज्यों के कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के प्रतिपक्ष के नेता मौजूद रहे इस बैठक में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन



महासचिव कैसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे बैठक में अमेरिका भारत ट्रेड डील को लेकर आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी एक बार फिर से इस मामले को लेकर सड़कों पर उतर सकती है कहा जा रहा है कि शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की जो यह बैठक हुई है इस बैठक में कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रदेश के सभी राज्यों में एक प्रभावी आंदोलन शुरू करने के बारे में गंभीरता से सोच रही है इसी परिपेक्ष में शुक्रवार को विभिन्न राज्यों के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से हुई बातचीत में राहुल गांधी ने इस मामले को जोर-जोर से एक सुनियोजित रणनीति के माध्यम से उठाने को कहा है तथा इस मुद्दे को जनता के बीच में और किसानों के बीच में लेकर जाने की बात कांग्रेस पार्टी के नेताओं को कही है जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में हुई बैठक में राहुल गांधी ने अमेरिका भारत ट्रेड डील में कृषि और कृषक के हितों को चोट पहुंचाने की बात कही है इस बारे में उन्होंने मीटिंग में कांग्रेस पार्टी के नेताओं को यह बताया भी है कि किस तरह से अमेरिका भारत की ट्रेड नीति कृषक के लिए ठीक नहीं है इसलिए उन्होंने मीटिंग में मौजूद कांग्रेस पार्टी के उन नेताओं को जिन राज्यों में कांग्रेस पार्टी विपक्ष की भूमिका में है वहां पर दमदार तरीके से और प्रभावी तौर पर इस मामले को प्रदेश की जनता और किसानों के बीच लेकर जाने की बात कही है इसके लिए गांव-गांव और ढाणी ढाणी में जोरदार तरीके से कार्यक्रम आयोजित करके अमेरिका भारत ट्रेड डील को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करने की बात कही है इसके अलावा जहां पर कांग्रेस पार्टी सत्ता में है वहां भी राहुल गांधी ने इस मुद्दे को जनता के बीच प्रभावित तौर पर ले जाने को कहा है राजस्थान विधानसभा में भी आने वाले दिनों में यह मुद्दा विपक्ष का प्रमुख मुद्दा हो सकता है क्योंकि शुक्रवार को जिस तरह से राहुल गांधी ने डोटासरा और जूली को दिशा निर्देशित किया है उसके बाद यह माना जा रहा है कि राजस्थान में विधानसभा के बजट सत्र में इस मामले को कांग्रेस पार्टी जोर-जोर से उठाकर सदन में हंगामा खड़ा कर सकती है जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और राजस्थान कांग्रेस पार्टी के विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि अमेरिका भारत ट्रेड डील को लेकर शुक्रवार को मीटिंग हुई जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर 24 फरवरी को मध्य प्रदेश में एक बड़ी रैली का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है इस रैली में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के तमाम बड़े नेता मौजूद रहेंगे।



## कहानी

### भक्त कूर्मदास

बच्चो, यह 400 (चार सौ) वर्ष पहली घटना है । पैठण गाव मे कूर्मदास नाम का एक व्यक्ति था । वह जन्म से ही विकलांग था । उसके हाथ और पांव नही थे । एक दिन उसके गाव के मंदिर में कीर्तन था । वह रेंगते हुए कीर्तन सुनने के लिए गया । कीर्तन करनेवाला हरिदास नाम का व्यक्ती बडे ही प्रेम से भगवान की लिलाओं का वर्णन कर रहा था । हरिदासजी ने कीर्तन में विठ्ठल के पंढरपूर क्षेत्र का अलौकिक महीमा बताई । वह सुनकर कूर्मदास के मन मे विचार आया की 'विठ्ठल की इतनी सारी आनंददायी लिलाएं है । भगवान विठ्ठल के क्षेत्र पंढरपूर का दर्शन कर पाऊं तो कितना आनंद मिलेगा एक बार तो पंढरपूर जाकर दर्शन लेना ही होगा ।' कूर्मदास ने यह विचार वहां आए लोगों को बताया । लोगों ने पूछा, 'तुम्हारे तो हाथ-पांव नही है, तो तुम पंढरपूर कैसे जाओगे '' किसीने उसकी सहायता नही की । कूर्मदास ने लोगों के बातों की ओर दुर्लक्ष किया । उसने 'पंढरपूर जाना ही हैं', यह निश्चित ही कर लिया था । पंढरपूर जाने की तीव्र इच्छा से वह रेंगते हुए पंढरपूर की ओर निकल पडा । रात तक वह गाव के बाहर हनुमानजी के मंदिर तक पहुंचा । दिनभर वह बिना कुछ खाए-पिए पंढरपूर जाने की इच्छा से आगे बढ रहा था । मंदिर मे पहुंचने के बाद उसे बडी भूक लगी । भूक से व्याकुल होकर वह पंढरीनाथ भगवान विठ्ठल को आर्तता से पुकारने लगा । भगवान ने उसकी आर्त पुकार सुन ली । विठ्ठल एक व्यापारी का रूप लेकर वहां आए । कूर्मदास को देखकर बोले, "आपके हाथ और पैर नही है, फिर आप यहा कहां आ गए " तब कूर्मदास ने कहा, "मेरा नाम कूर्मदास है । मै पंढरपूर जा रहा हूं ।" व्यापारी के रूप में आए विठ्ठल बोले, "अच्छा हुआ । मुझे भी साथ संगत मिल गई ।" कूर्मदास ने पूछा तो विठ्ठल बोले, "मेरा नाम विठोबा है । मैं गांव-गांव जाकर व्यापार करता हूं । पंढरपूर में मेरी एक दुकान है । इसलिए आज यहां रुककर मै आगे जानेवाला हूं ।" यह सुनकर कूर्मदास को परम संतोष हुआ । विठोबा ने भोजन बनाया और कूर्मदास को खिलाया । कूर्मदास को ओढने के लिए अपना वस्त्र भी दिया । विठोबा बोले, "कल आप जहां पर जाएंगे । वहा पर मैं भी आप के साथ चलूंगा । आपका भोजन मैं पकाऊंगा ।" इतना कहकर विठोबा वहा से दूर चला गया और अदृश्य हो गया । दुसरे दिन सुबह कूर्मदास दुसरे गांव में पहुंचा । रात में उसी गांव मे निवास किया । विठोबा ने वहां पहुंचकर कूर्मदास के लिए भोजन बनाया और उसे खिलाकर चले गए । ऐसे करते करते कार्तिक माह मे कूर्मदास लहुळ नाम के एक गांव मे पहुंचा । वह कार्तिक शुक्ल पक्ष दशमी का दिन था । उस दिन लहुळ गाव से पंढरपूर की यात्रा निकली । दुसरे दिन एकादशी थी । बच्चों एकादशी भगवान विठ्ठल की होती है । कूर्मदास ने सोचा, 'कल विठ्ठल की एकादशी है; परंतु तबतक मै पंढरपूर पहूंच नही पाऊंगा ।' इसलिए उसने पंढरपूर जा रहे एक यात्रेकरू से हाथ जोडकर कहा, "आप मेरा नमस्कार विठ्ठल को बताना । विठ्ठल को मेरा प्रार्थनारूपी संदेश देना । पंढरपूर यहां से सात कोस दूर है । एक दिन में मै इतना अंतर नही काट सकूंगा । यहा तक आया; परंतु पंढरपूर जाकर मै उनके चरणों का दर्शन मै नही कर पाऊंगा, इसका मुझे दुख हो रहा है । विठ्ठल आप ही यहां पर आए और इस दीन का उद्धार करें ।"दुसरी ओर पंढरपूर महाद्वार में संत नामदेवजी का कीर्तन शुरू था । पंढरपूर जानेवाले उस यात्रेकरू ने कूर्मदास का यह संदेश भगवान विठ्ठल के सामने कथन किया । उसी क्षण भगवान पांडुरंग वहा से निकले और कूर्मदास के पास लहुळ मे आए ।

# सिविल सेवा परीक्षा में सही सुधार

*सभी सेवाओं के वेतनमान और सुविधाएं लगभग बराबर ही होती हैं। पहले इन विभागों को उम्मीदवार तो आवंटित हो जाते थे, लेकिन उनमें से कितने ज्वाइन करेंगे, कोई पता नहीं होता था। कुछ फिर से परीक्षा में बैठने के लिए लगातार दो-चार वर्षों तक कई बहाने जैसे मेडिकल, मां की बीमारी आदि बताकर कोशिश करते रहते थे। इससे उनकी वरिष्ठता और प्रशिक्षण की समस्याएं पैदा होती थीं। नतीजतन प्रशासनिक क्षमता में लगातार गिरावट आ रही थी। अब सभी विभाग बेहतर ढंग से काम कर पाएंगे। इससे सभी विभागों की ट्रेनिंग और क्षमता भी बेहतर होगी। इस सुधार के सामाजिक परिणाम भी अच्छे आएंगे।*

*जब जाति विशेष के कारण किसी उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनंत छूट रहती है, तब तक उसके अंदर बार-बार परीक्षा देने की भूख भी कायम रहती है, लेकिन प्रश्न है कि कितने उम्मीदवारों के लिए यह संभव है? क्या यह दुनिया की सबसे बड़ी नौजवान पीढ़ी की क्षमता और ऊर्जा की बर्बादी नहीं है? क्या यह सामाजिक-जातीय विभाजन की तरह सेवाओं में भी कमतर और बेहतर की भावना पैदा नहीं करता? उनके अभिभावक भी लगातार चिंता में डूबे रहते हैं कि उनकी परीक्षा के चक्र कब खत्म होंगे? देश को इन सबसे मुक्ति चाहिए। मौजूदा सुधार का दूसरा पक्ष भी महत्वपूर्ण है और वह है राज्यवार कैडर में उम्मीदवारों*



संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रशंसा की जानी चाहिए कि इस संस्था में समय के अनुसार लगातार सुधार और समीक्षा की प्रक्रिया जारी रहती है। 2026 में होने वाली सिविल सेवा परीक्षा में सुधार के कुछ कदम स्वागतयोग्य हैं। इनके अनुसार परीक्षा में अंतिम रूप से सफल होने पर यदि किसी उम्मीदवार को ग्रुप ए की कोई सेवा मिल जाती है, तो उसके बाद उसे आइएएस, आइएफएस जैसी अखिल भारतीय सेवाओं में जाने के लिए केवल एक अवसर और मिलेगा। उसके बाद परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। यदि वह अपने विभाग से प्रसन्न नहीं है, तो त्यागपत्र देकर फिर से परीक्षा दे सकता है।

आइएएस और आइएफएस में एक बार चुने जाने के बाद फिर से परीक्षा में बैठने की इजाजत पहले की तरह अभी भी नहीं होगी। वैसे यहां लोकतांत्रिक ढंग से एक गुंजाइश छोड़ी गई है। लगभग 23 विभागों में पांच विभाग जैसे अगर दिल्ली में दानिक्स या पुडुचेरी पुलिस आदि में ग्रुप बी की सेवा मिलती है तब जरूर उसे एक से ज्यादा अवसर मिल सकते हैं। इस एक सुधार से कई स्तरों पर फायदा होगा। सबसे पहले नए उम्मीदवारों के लिए ज्यादा पद खाली मिलेंगे, वरना पहले से सफल उम्मीदवार बार-बार उन्हीं पदों पर चुने जाते रहे हैं। एक बार चुने जाने वालों के लिए भी एक और अवसर देने से वे लगातार 30-35 वर्ष तक परीक्षा में शामिल होने के लोभ से बच जाएंगे।

सभी सेवाओं के वेतनमान और सुविधाएं लगभग बराबर ही होती हैं। पहले इन विभागों को उम्मीदवार तो आवंटित हो जाते थे, लेकिन उनमें से कितने ज्वाइन करेंगे, कोई पता नहीं होता था। कुछ फिर से परीक्षा में बैठने के लिए लगातार दो-चार वर्षों तक कई बहाने जैसे मेडिकल, मां की बीमारी आदि बताकर कोशिश करते रहते थे। इससे उनकी वरिष्ठता और प्रशिक्षण की समस्याएं पैदा होती थीं। नतीजतन प्रशासनिक क्षमता में लगातार गिरावट आ रही थी। अब सभी विभाग बेहतर ढंग से काम कर पाएंगे। इससे सभी विभागों की ट्रेनिंग और क्षमता भी बेहतर होगी। इस सुधार के सामाजिक परिणाम भी अच्छे आएंगे।

जब जाति विशेष के कारण किसी उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनंत छूट रहती है, तब तक उसके अंदर बार-बार परीक्षा देने की भूख भी कायम रहती है, लेकिन प्रश्न है कि कितने उम्मीदवारों के लिए यह संभव है? क्या यह दुनिया की सबसे बड़ी नौजवान पीढ़ी की क्षमता और ऊर्जा की बर्बादी नहीं है? क्या यह सामाजिक-जातीय विभाजन की तरह सेवाओं में भी कमतर और बेहतर की भावना पैदा नहीं करता? उनके अभिभावक भी लगातार चिंता में डूबे रहते हैं कि उनकी परीक्षा के चक्र कब खत्म होंगे? देश को इन सबसे मुक्ति चाहिए। मौजूदा सुधार का दूसरा पक्ष भी महत्वपूर्ण है और वह है राज्यवार कैडर में उम्मीदवारों का वितरण।

नौकरशाही के स्टील फ्रेम में आइएएस सबसे मजबूत आधार होता है। जिस राज्य के लिए उनका आवंटन होता है, वे उस राज्य में ही रहते हैं या फिर केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर आते हैं, लेकिन उस राज्य में बने रहने के कुछ दुष्परिणाम अतीत में अनुभव किए गए। जैसे जब पंजाब में आतंकियों ने कहर बरपा रखा था, तब अहसास हुआ कि वहां नियुक्त कुछ अधिकारियों और समाज विरोधी तत्वों के बीच मिलीभगत हो गई थी। इसलिए बाद में यह फैसला किया गया कि किसी भी राज्य में वहां के रहने वाले उम्मीदवारों के एक तिहाई से ज्यादा नहीं तैनात होंगे और दो तिहाई उम्मीदवार दूसरे राज्यों के होंगे। देश की एकता में इसके बहुत अच्छे परिणाम आए। यदि ऐसे उम्मीदवार किसी अन्य राज्य में तैनात होते हैं, तो भाई-भतीजावाद जैसे भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी कम रहती है। अब इसी में एक कदम और बढ़ाकर इसे और पारदर्शी ढंग से किया गया है। इससे उम्मीदवारों में यह अहसास और पुख्ता होगा कि पूरा देश आपका है और आपको कहीं भी नियुक्ति दी जा सकती है।

हालांकि सरकार नए नियमों को कितनी दृढ़ता से लागू करती है, यह एक सवाल है। पुराने अनुभवों पर नजर डालें तो 1986 में भी इससे कुछ मिलते-जुलते कदम उठाए गए थे। तब परीक्षा देने के प्रयासों पर ऐसी ही रोक लगाई गई थी, लेकिन इसके खिलाफ दशकों तक हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में मुकदमेबाजी हुई। झूठ-सच के आधार पर उम्मीदवारों ने छुट्टी ली और फिर से वर्षों तक परीक्षाएं दीं। इसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक ढांचा और उसकी कार्यक्षमता पर बुरा असर पड़ा। अफसरों के बीच जो परस्पर सहयोग की भावना होनी चाहिए, उसके बदले उनमें ईर्ष्या पनपने लगी। जब सभी सेवाओं की लगभग 99 प्रतिशत सुविधाएं बराबर हैं तो इनकम टैक्स में काम करने वाला रेलवे में काम करने वाले को कमतर क्यों समझता है?

अपने देश में आइएएस या आइपीएस का नशा तो सातवें आसमान पर रहता है। यह भारतीय समाज का दुर्भाग्य है कि वह जन्म से ही बराबरी नहीं सिखाता। एक प्रसिद्ध समाजशास्त्री ने कहा भी है कि संविधान में तो हमने बराबरी ला दी, लेकिन समाज अभी उससे बहुत दूर है। इससे देश को नुकसान पहुंच रहा है।

## सम्पादकीय

### फ्रांस से 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी'



बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बीच भारत आर्थिक एवं रणनीतिक स्तर पर सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ साझेदारी को और व्यापक बनाने की राह पर आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के बाद भारत ने अब फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' में बदल दिया है। इसके तहत दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है।

नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मंगलवार को मुंबई में हुई वार्ता के दौरान बनी सहमति के बाद इक्कीस समझौतों को स्वीकृति दी गई। इस साझेदारी को वैश्विक स्थिरता और रणनीतिक दृष्टिकोण से कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे न केवल द्विपक्षीय व्यापार और आधुनिक प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि रक्षा के मोर्चे पर भी भारत की स्थिति मजबूत होगी। पिछले दिनों भारत ने ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए थे। उसके बाद न्यूजीलैंड और फिर यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया। हाल में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का एलान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका ने भारत पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क को घटाकर अठारह फीसद कर दिया। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से भारत पर भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने के बाद देश का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ। इस संकट से निपटने के लिए भारत ने अपने उत्पादों के वास्ते दुनिया के विभिन्न देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने की हरसंभव कोशिश की तथा व्यापार समझौतों की शक्ल में उसके सफल नतीजे भी सामने आए। अब फ्रांस के साथ विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी से भारत के व्यापार, प्रौद्योगिकी और रक्षा क्षेत्र में सशक्तीकरण की संभावनाओं को और बल मिलेगा। भारत और फ्रांस ने परस्पर निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष समझौता किया है, जिससे दोनों देशों के नागरिकों और कंपनियों को अब दोहरा कर नहीं देना पड़ेगा। इससे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आवागमन को नई गति मिलेगी। गौरतलब है कि फ्रांस की मदद से कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच-125 हेलिकाप्टरों के निर्माण के लिए कलपुर्जों को जोड़ने का कारखाना भी स्थापित किया गया है, जहां अब काम शुरू हो गया है। यहां दुनिया के ऐसे शक्तिशाली हेलिकाप्टर का निर्माण किया जाएगा, जो विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम होगा। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत और फ्रांस के बीच 'हैमर' मिसाइलों के उत्पादन को लेकर भी अहम समझौता हुआ है। इसके तहत भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड और फ्रांसीसी रक्षा कंपनी सैफरान संयुक्त उद्यम स्थापित करेगी। यह सच है कि फ्रांस, भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है और अब दोनों देशों के बीच सहयोग का नया अध्याय शुरू हो रहा है।

# सामाजिक समरसता, महिला शिक्षा और शुद्धी- घर वापसी के अप्रतिम योद्धा स्वामी श्रद्धानंद

आज स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती की जयंती है । स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती भारत के निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी, महान शिक्षाविद, आर्य समाज के प्रचारक, समाज सुधारक एवं पत्रकार थे। वे ऐसे राष्ट्रभक्त थे जिन्होंने अपना सर्वस्व स्वदेश, स्वराज्य ,स्वधर्म,स्वभाषा एवं शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित कर दिया।



सुधांशु टाक
लेखक ,समीक्षक ,आर्य समाज के मंत्री

स्वामी श्रद्धानंद , इस नाम का स्मरण होते ही मस्तिष्क में ऊँचा कद,चेहरे पर गंभीरता, वाणी में दृढ़ता लिए एक महामानव का नाम स्मरण हो जाता हैं जिन्हें समरसता का दूत कहूँ या फिर अमर शहीद कहूँ या फिर त्याग और तपस्या की मूर्ति कहूँ या मार्ग दर्शक कहूँ या फिर दलितोद्धारक कहूँ । स्वामी जी का विशाल जीवन कदम कदम पर प्रेरणा देते हैं।

स्वामी श्रद्धानन्द जी का जन्म 22 फरवरी 1856 को पंजाब प्रान्त के जालंधर जिले के तलवन नामक कस्बे में हुआ।स्वामी श्रद्धानन्द जी का जन्म का नाम बृहस्पति था किन्तु परिवार में वह मुंशीराम के नाम से ही जाने गए। उनके तीन भाई और दो बहनें थीं। सबसे छोटे होने के कारण वे परिवार में सबके लाडले थे। उनके पिता नानकचंद विज पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। सुख- सुविधाएं तथा परिवार के प्यार से मुंशीराम का जीवन भोग -विलास में डूबता जा रहा था।

इसी अस्थिर, निरंकुश जीवन में उनका विवाह शिवा देवी से हुआ। उनके भोग विलासी जीवन का अंत और जीवन में स्थिरता का भाव आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती से मिलने और पत्नी के पतिव्रत धर्म से आया। किसी का जीवन अंधकार से प्रकाश की ओर किस प्रकार जाता है और उसे 'कल्याण मार्ग का पथिक' बना देता है, उसका सर्वोत्कृष्ट उदाहरण स्वामी श्रद्धानन्द जी का जीवन है ।

**महिला शिक्षा और सबके लिए ज्ञान**

स्वामी श्रद्धानंद ने भारत के शिक्षा जगत में क्रांति लाने अद्भुत कार्य किया । आर्य समाज द्वारा संचालित अखबार सदधर्मप्रचारक में महिलाओं की शिक्षा के बारे में लेखों के माध्यम से गार्गी और अपाला जैसी वैदिक विदुषियों के उदाहरणों का हवाला देते हुए महिलाओं की शिक्षा के लिए अनुरोध किया। समाज में अंगड़ाई तब आनी शुरू हुई, असल में, जब उन्होंने अपनी ही बेटी को मिशनरी-संचालित स्कूल में पढ़ते हुए ईसाई धर्म के प्रभाव में आते हुए देखा, तो भारतीय आदर्शों में निहित शिक्षा प्रदान करने का मन बनाया और अपने प्रयासों से जालंधर में पहला कन्या महाविद्यालय की स्थापना कर दी। वित्तीय संकट, संघर्ष के थपेड़ों से जूझने के बाद, 1902 में हरिद्वार के पास ग्राम कांगड़ी में गुरुकुल की स्थापना कर दी ताकि खोई वैदिक संपदा के विचारों से नागरिकों में धर्म और राष्ट्रीय दृष्टिकोण पैदा किये जा सकें। यह भारत का सर्वप्रथम एक ऐसा गुरुकुल बना जिसमें जाति, पंथ, भेदभाव छुआछुत से दूर कर छात्रों को अलग-अलग कक्षाओं में एक साथ मिलकर पढने के लिए प्रेरित किया और व्यक्तिगत रूप से स्वामी श्रद्धानन्द जी एक पिता की तरह अपने छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करते रहे। गुरुकुल कांगड़ी आज भी अपनी शिक्षा के लिए पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है

**सामाजिक समरसता के प्रतीक**

वर्ष 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद अमृतसर कांग्रेस अधिवेशन के स्वागत समिति के अध्यक्ष के रूप में अपने संबोधन में उन्होंने कहा था कि 'सामाजिक भेदभाव के कारण आज हमारे करोड़ भाइयों के दिल टूटे हुए हैं, जातिवाद के कारण इन्हें काट कर फेंक दिया हैं ।मैं आप सभी भाइयों और बहनों से यह अपील करता हूं कि इस राष्ट्रीय मंदिर में मातृभूमि के प्रेम के पानी के साथ अपने दिलों को शुद्ध करें और वादा करें कि ये लाखों-करोड़ों अब हमारे लिए अछूत नहीं रहेंगे, बल्कि भाई-बहन बनेंगे। अब उनके बेटे और बेटियां हमारे स्कूलों में पढ़ेंगे, उनके पुरुष और महिलाएं हमारे समाजों में भाग लेंगे। आजादी की हमारी लड़ाई में वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होंगे और हम सभी अपने राष्ट्र की पूर्णता का एहसास करने के लिए हाथ मिलाएंगे।'

मनुष्य का मनुष्य से ऐसा बरताव उन्हें कचोटता था। स्वामीजी ने दलितों के साथ हो रहे छुआछूत का मुखर विरोध किया और हवन यज्ञ में साथ बिठाकर सदियों से चली रही असमानता को खत्म करने का काम किया। उस समय कट्टरवादियों ने उनका विरोध भी किया लेकिन वह सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे। आज के दलित वोट बैंक राजनीति के विपरीत उन्होंने दलित शिक्षा एवं छूआछूत का मुखर विरोध किया। स्वामी श्रद्धानंद जी ने राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक समरसता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने अछूतोद्धार एवं शुद्धि आंदोलन से राष्ट्र की अमूल्य सेवा की। राष्ट्र, धर्म, संस्कृति पर नि:स्वार्थ से बलिदान देने वालों में स्वामी श्रद्धानंद का नाम अविस्मरणीय है। स्वराज्य ,वैदिक संस्कृति की समरसता के प्रसारर्थ स्वामी श्रद्धानंद जीवन भर प्रयत्नशील रहे।

**शुद्धि आंदोलन के प्रणेता**

अछूतों की मदद करने और कई मुद्दों पर गाँधी जी असहमति होने के पश्चात स्वामी श्रद्धानंद ने कांग्रेस की उप-समिति से इस्तीफा दे दिया। हिंदू महासभा में शामिल होकर अछूत और दलित माने जाने वाली जातियों के कल्याण के लिए शुद्धि का कार्य शुरू किया।शुद्धि-आन्दोलन के द्वारा सोया हुआ भारत जागने लगा! कहते हैं जिस देश का नौजवान खड़ा हो जाता है वह देश दौड़ने लगता है! सच ही स्वामी जी ने हजारों देशभक्त नौजवानों को खड़ा कर दिया था। स्वामी श्रद्धानंद ने वर्ष 1922 में दिल्ली की जामा मस्जिद में भाषण दिया था। उन्होंने पहले वेद मंत्र पढ़े और एक प्रेरणादायक भाषण दिया। मस्जिद में वेद मंत्रों का उच्चारण करने वाले भाषण देने वाले स्वामी श्रद्धानंद एकमात्र व्यक्ति थे। दुनिया के इतिहास में यह एक असाधारण क्षण था। स्वामी श्रद्धानंद जी ने बलात् हिन्दू से मुसलमान बने लोगों को पुनः हिन्दू धर्म में शामिल कर आदि जगद्गुरु शंकराचार्य के द्वारा शुरू की परंपरा को पुनर्जीवित किया और समाज में यह विश्वास पैदा किया कि जो किसी भी कारण अपने धर्म से पतित हुए हुए हैं वे सभी वापस अपने हिन्दू धर्म में आ सकते हैं। फलस्वरूप देश में हिन्दू धर्म में वापसी के वातावरण बनने से लहर सी आ गयी!

**उनका देहावसान**

महान् सिद्धान्तों पर आधारित सांस्कृतिक धरातल पर उन्हें कोई पराजित नहीं कर सका तब 23 दिसंबर 1926 को एक धर्मांध युवक अब्दुल रशीद द्वारा उनकी हत्या कर दी गई । स्वामी जी एक मजहबी हत्यारी परंपरा के शिकार हो गये। देश, धर्म और समस्त समाज के अपना घर, अपना परिवार का दान कर यहाँ तक की स्वयं को बलिदान करने वाली इन महान आत्मा को भूला दिया गया। करोड़ों भारतीयों के लिए, जिनके कल्याण के लिए उन्होंने जीवन भर दृढ़ता से काम किया, पूरा जीवन कर्मों और वैदिक धर्म कार्यों को करते हुए अंत में अपने धर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाली इस महान आत्मा महात्मा स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

# बोझ बनी मुफ्त की संस्कृति

यह पहली बार नहीं, जब सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त की रेवड़ियां कही जाने वाली लोकलुभावन योजनाओं पर अपनी आपत्ति और चिंता प्रकट की हो। वह कई बार यह कह चुका है कि मुफ्त की संस्कृति आर्थिक विकास में बाधा है। गत दिवस भी उसने सरकारों की ओर से मुफ्त सुविधाएं और वस्तुएं देने के चलन पर यह प्रश्न किया कि यदि वे इसी तरह फ्री अनाज, बिजली, साइकिल आदि देते रहे तो विकास के लिए धन कहां से आएगा? उसने इस पर भी बल दिया कि सरकारें मुफ्त की सुविधाएं और सामग्री के स्थान पर रोजगार दें, लेकिन इसमें संदेह है कि इस पर ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि राजनीतिक दल यह मान चुके हैं कि लोकलुभावन योजनाएं चुनाव



जीतने की गारंटी बन गई हैं। इसका परिणाम यह है कि चुनाव आते ही सत्तारूढ़ दल और सत्ता की चाह रखने वाले विपक्षी दल मुफ्त की योजनाओं का पिटारा खोलने में जुट जाते हैं। अब तो वे सीधे धन देने की भी घोषणा करने लगे हैं। यह तब है, जब अधिकांश राज्य घाटे में हैं। विडंबना यह है कि वे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए धन की कमी का रोना रोते हैं और फिर भी मुफ्त की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। साफ है कि वे अपनी आर्थिक स्थिति की अनदेखी करते हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव करीब आते ही संबंधित राज्य सरकारों की ओर से मुफ्त की योजनाओं की घोषणा की जाने लगी है। तमिलनाडु सरकार ने हर किसी को फ्री बिजली देने की पेशकश कर दी है। इसके खिलाफ दायर याचिका पर ही सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि यह याचिका तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड ने दायर की है। इसके पहले भी ऐसी ही याचिकाओं पर सुनवाई हो चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस फैसला नहीं आया है। नि:संदेह कल्याणकारी राज्य का यह दायित्व बनता है कि वह निर्धन-वंचित वर्गों के आर्थिक-सामाजिक उत्थान के लिए विशेष उपाय करे और उन्हें कुछ मुफ्त या रियायती सुविधाएं उपलब्ध कराए। ये सुविधाएं ऐसी होनी चाहिए, जो लोगों को अपने पैरों पर खड़ा कर सकें और उन्हें अपने स्तर पर अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। बीते कुछ समय से तो वोट हासिल करने के इरादे से ऐसी सुविधाएं देने की पहल होने लगी है। यह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव का उपहास और संसाधनों का दुरुपयोग भी है।

## नकबजनी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** पुलिस थाना फुलेरा ने नकबजनी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया था, जबकि मुख्य फरार आरोपी को भी अब दबिश देकर पकड़ लिया गया है। उप महानिरीक्षक पुलिस एवम पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डुडी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को परिवादी विक्रम सिंह निवासी भैरू जी की ढाणी इटावा ने पुलिस थाना फुलेरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि 8 जनवरी को घर से बाहर रहने के दौरान बदमाशों ने मकान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व 25 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। मामले में रोहित रॉय व विशाल बंजारा पर संदेह जताया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने पूर्व में आरोपी मंगलचंद व विशाल को गिरफ्तार कर चोरी के आभूषण बेचकर प्राप्त राशि बरामद कर ली थी। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी फुलेरा पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता के आधार पर कार्रवाई करते हुए कस्बा फुलेरा में दबिश देकर आरोपी रोहित रॉय (23) फुलेरा को डिटेन कर गिरफ्तार किया। प्रकरण में अब सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस टीम में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक कमलवीर, कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार व रविदत्त शामिल रहे।

## किड्स गार्डन ए आई स्कूल पावटा में बेस्ट फैकेल्टी टीचर अवार्ड समारोह आयोजित

### उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए पांच शिक्षक सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे में स्थित किड्स गार्डन ए आई में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बेस्ट फैकेल्टी टीचर अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के समर्पण, अनुशासन व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका की सराहना की गई।समारोह में विद्यालय के निर्देशक कमल सिंह यादव, प्रिंसिपल संदीप जैन व मुख्य अतिथि सतीश यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शिक्षकों को बेस्ट फैकेल्टी टीचर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोनिया, राम सैनी, बलराज सिंह शेखावत, राकेश, रवि कुमार सैनी, सोमवीर मीणा, जितेंद्र प्रजापत, हनीफ खान, मोहम्मद वसीम अकरम, मोमिना बानो, अनीता सैनी, सपना सैनी, कविता यादव व सुषमा धाकड़ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक व नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण व प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

## सुविधा पर ताला, बिजली चालू, पुराने बस स्टैंड पर लापरवाही बेनकाब



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे के पुराने बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय पर पिछले करीब 20 से 25 दिनों से ताला लटका होने से यात्रियों व आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरम्मत व अन्य कार्यों के चलते इसे अस्थायी रूप से बंद किया गया था, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बावजूद अब तक सुविधा शुरू नहीं की गई है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों तथा बाहर से आने वाले यात्रियों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें मजबूरन इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सार्वजनिक शौचालय बंद रहने से स्वच्छता व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं और बस स्टैंड क्षेत्र में अव्यवस्था का माहौल बन गया है। हैरानी की बात यह है कि शौचालय बंद होने के बावजूद दिन-रात बिजली की लाइटें लगातार जल रही हैं, जिससे सरकारी बिजली की खुलेआम बर्बादी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है तो आखिर किसके आदेश से सुविधा पर ताला लगा हुआ है और बिजली व्यर्थ क्यों जल रही है। आमजन ने नगर पालिका फुलेरा प्रशासन से तत्काल शौचालय खोलकर सुविधा बहाल करने तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## धौलपुर में राज सखी सरस मेला:स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मिलेगा विपणन का मंच

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला प्रशासन धौलपुर व राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के संयुक्त तत्वावधान में 21 फरवरी से 27 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम, बड़ी फील्ड में सात दिवसीय 'राज सखी सरस मेला 2026' का आयोजन किया जाएगा। मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिला स्वयं सहायता समूह सदस्यों की ओर से तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों को उचित मूल्य पर विपणन का अवसर प्रदान करना है। मेले में राजीविका की राज सखी योजना से जुड़ी महिलाओं की ओर से निर्मित पारंपरिक हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई युक्त वस्त्र, घरेलू उपयोग की सामग्री, प्राकृतिक उत्पाद, हस्तनिर्मित आभूषण, खाद्य पदार्थ जैसे पापड़, मसाले, अचार आदि सहित विभिन्न लोक कला से जुड़े आकर्षक उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। यह मेला महिलाओं की उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता एवं कौशल को सशक्त मंच प्रदान करेगा। साथ ही स्थानीय नागरिकों व पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण, स्वदेशी एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पाद खरीदने का अवसर भी मिलेगा। मेले के दौरान प्रतिदिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, संगीत संध्या एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा, जो आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जिला प्रशासन ने धौलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों, पर्यटकों व खरीदारों से मेले में पहुंचकर राजीविका महिलाओं की ओर से तैयार उत्पाद खरीद कर उनका उत्साहवर्धन करने तथा आत्मनिर्भर भारत एवं 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को मजबूत बनाने की अपील की है।

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीडवाना व अध्यक्ष आशा चौधरी, ताल्लुका विधिक सेवा समिति के निर्देशानुसार मकराना विधिक सहायता समिति के पैनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी की ओर से राधा सर्वेश्वर उच्च माध्यमिक विद्यालय, मकराना में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नालसा की नवीन DAWN योजना के विषय में भी विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अधिवक्ता हनीफी ने बताया कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस




प्रत्येक वर्ष 20 फरवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में सामाजिक न्याय, समानता एवं समावेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर प्रकाश डालना है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से स्थापित यह अंतर्राष्ट्रीय दिवस गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार व असमानता जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान की दिशा में जागरूकता फैलाने के साथ ही सभी नागरिकों के लिए मानवीय गरिमा एवं समान अवसर सुनिश्चित करने का संदेश देता है। उन्होंने सामाजिक न्याय की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बताया कि इसका आशय समाज में अवसरों, संसाधनों व अधिकारों के निष्पक्ष और न्यायसंगत वितरण से है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पृष्ठभूमि, लिंग, जाति, धर्म अथवा आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं एवं कानूनी सुरक्षा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक व आर्थिक असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समावेशी एवं निष्पक्ष नीतियों को लागू करने तथा गरीबी व बेरोजगारी को कम करने के प्रयासों पर भी चर्चा की गई। साथ ही संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों एवं राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों के माध्यम से सामाजिक न्याय के संवैधानिक आधार की जानकारी दी गई। शिविर में विद्यार्थियों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में अवगत कराया गया, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। इसके अतिरिक्त नालसा की ष्ठ्ठ्ठह्र योजना के उद्देश्य एवं प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को 'जीवन के लिए हाँ, नशे के लिए ना' की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 मार्च को किया जाएगा, जिसमें आमजन अपने प्रकरणों का अधिक से अधिक निस्तारण करवाकर लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक विपिन कुमार जोशी सहित विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 11 साल बाद भी अधूरी जेडीए की आदित्य विहार आवासीय योजना

### पानी, सड़क-बिजली के अभाव में 547 में से केवल 8 भूखंडों पर बने मकान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर- भीलवाड़ा मेगा हाईवे पर अचरावाला के पास स्थित जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की आदित्य विहार आवासीय योजना सरकारी उपेक्षा का शिकार होकर बदहाली की स्थिति में पहुंच चुकी है। वर्ष 2014 में करीब 87 बीघा भूमि पर विकसित की गई इस योजना में 547 भूखंडों का सृजन कर आवंटन किया गया था, जिससे जेडीए को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। लेकिन विडंबना यह है कि 11 वर्ष बीत जाने के बावजूद योजना में धरातल स्तर पर विकास कार्य नहीं हो सके हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इतने लंबे समय के बाद भी यहां महज 8 मकानों का ही निर्माण हो पाया है। योजना में पार्कों के लिए स्थान तो निर्धारित किया गया, लेकिन आज तक एक भी पेड़ नहीं लगाया गया है। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था के लिए लगाए गए करीब 200 बिजली पोलों में से लगभग 100 पोल चोरी हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। योजना में बीसलपुर पेयजल आपूर्ति, सीवरेज लाइन व पक्की सड़कों जैसी आवश्यक सुविधाओं का पूर्णतः अभाव है। सुविधाओं के इंतजार में खंडधारक स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। वर्तमान में योजना क्षेत्र में मिट्टी माफिया सक्रिय हो चुके हैं, जो भूखंडों से अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे हैं। इसके चलते पूरी कॉलोनी गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है और भूखंडों की स्थिति बदतर होती जा रही है।

जेडीए अधिकारियों का कहना है कि आदित्य विहार आवासीय योजना की वर्तमान स्थिति को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई जा रही है। मौके से मिट्टी उठाने वालों एवं अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**शत्रुघ्न सिंह, अधिकारी, जेडीए जोन-11**

## विद्यार्थियों का कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुर में शैक्षिक भ्रमण

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नावा सिटी के विद्यार्थियों ने वोकेशनल एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुर का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

### जलवायु व पौधों की माइक्रो आवश्यकताओं की दी जानकारीः

भ्रमण दल प्रभारी पूरणमल कला व रामकिशोर बासिता ने बताया कि कक्षा 9 के सभी विद्यार्थियों को हॉर्टिकल्चर संस्थान में विशेषज्ञ अधिकारियों की ओर से विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में उगने वाले पौधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को पौधों के लिए उपयुक्त मिट्टी, पोषक तत्वों तथा सूक्ष्म (माइक्रो) पोषक तत्वों की आवश्यकता के विषय में समझाया गया।

### औषधीय पौधों का भी कराया अवलोकनः

व्याख्याता कविता शर्मा व सुशील कुमावत के अनुसार विद्यार्थियों ने पौधों में सूक्ष्म तत्वों के महत्व, उनकी वृद्धि



में मिट्टी की भूमिका और पोषण संतुलन के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान औषधीय पौधों की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन कर उनके उपयोग व संरक्षण के बारे में भी ज्ञान अर्जित किया। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें कृषि क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला।

## *रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अन्तरसदनीय साहित्यिक-सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ*

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** मालपुरा हाईवे डिग्गी रोड स्थित रामा कृष्णा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रघुनाथपुरा (रातल्या), सांगानेर में अन्तरसदनीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतीक्षा शर्मा व सचिव डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने रंगोली, वाद-विवाद, मूकाभिनय, विचित्र वेशभूषा सहित विभिन्न नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, सामूहिक नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान 18 फरवरी को मुख्य अतिथि




के रूप में विभा शर्मा एवं हंसा शर्मा, 19 फरवरी को चित्रांश पालीवाल तथा 20 फरवरी को डॉ. वत्सला श्रीवास्तव व डॉ. भार्गवी जगधारी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतीक्षा शर्मा ने मुख्य अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## किड्स गार्डन ए आई स्कूल पावटा में बेस्ट फैकेल्टी टीचर अवार्ड समारोह आयोजित

### उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए पांच शिक्षक सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** कस्बे में स्थित किड्स गार्डन ए आई में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बेस्ट फैकेल्टी टीचर अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के समर्पण, अनुशासन व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका की सराहना की गई।समारोह में विद्यालय के निर्देशक कमल सिंह यादव, प्रिंसिपल संदीप जैन व मुख्य अतिथि सतीश यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शिक्षकों को बेस्ट फैकेल्टी टीचर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोनिया, राम सैनी, बलराज सिंह शेखावत, राकेश, रवि कुमार सैनी, सोमवीर मीणा, जितेंद्र प्रजापत, हनीफ खान, मोहम्मद वसीम अकरम, मोमिना बानो, अनीता सैनी, सपना सैनी, कविता यादव एवं सुषमा धाकड़ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक व नागरिक उपस्थित रहे।
विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण व प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

## श्याम फाग कीर्तन में भक्ति और रंगों की अनूठी छटा

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** शहर के पुरानी रेलवे स्टेशन स्थित गणेश विहार कॉलोनी के पुरोहित सदन में महिला मंडल की ओर से भव्य श्याम फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव के दौरान बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया। सजे-धजे दरबार के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूरा परिसर भक्ति भावना से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यों ने सुमधुर फाग और भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और कीर्तन में



पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। फाग महोत्सव के दौरान गुलाल उड़ाकर और पुष्प वर्षा कर होली खेली गई। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह के अंत में बाबा श्याम की आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन ने गणेश विहार कॉलोनी को भक्ति और उत्साह के रंगों से सराबोर कर दिया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** पंचखंड पीठ विराटनगर के आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज ने घीसाराम बोहरा की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले निःशुल्क चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। यह चिकित्सा शिविर 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे से कुनेड़ स्थित श्री कृष्ण द्वार के पास बोहरा फार्म हाउस में आयोजित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के दौरान स्वामी सोमेंद्र महाराज ने कहा कि सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए किया जा रहा यह चिकित्सा शिविर घीसाराम बोहरा को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि स्व. बोहरा ने जीवनभर समाजसेवा को प्राथमिकता दी और उन्हीं के सेवा भाव से प्रेरित होकर यह आयोजन किया जा रहा है।आयोजक जी.एल. यादव ने बताया कि बोहरा परिवार की ओर से जनसेवा की भावना से इस विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों व जरूरतमंद मरीजों को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हो सकें। शिविर प्रबंधक हवलदार ओमप्रकाश व रामस्वरूप बोहरा ने जानकारी दी कि शिविर में नेत्र, स्त्री रोग, किडनी, ईएनटी, त्वचा व सामान्य रोगों की निःशुल्क जांच व परामर्श की सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉ.




विरेंद्र यादव (नेत्र रोग विशेषज्ञ, बहरोड़), डॉ. जयराम यादव (स्त्री रोग विशेषज्ञ, एसजीएन अस्पताल पावटा), डॉ. रामनिवास यादव (किडनी रोग विशेषज्ञ, फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम), डॉ. सतीश यादव (फिजिशियन, कोटपूतली), डॉ. दिलीप यादव (ईएनटी विशेषज्ञ, कोटपूतली), डॉ. केशव एवं डॉ. श्वेता स्वामी (जनरल फिजिशियन व स्त्री रोग विशेषज्ञ, पावटा) तथा डॉ. मनोज (चर्म रोग विशेषज्ञ, कोटपूतली) अपनी सेवाएं देंगे।आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। जी.एल. यादव ने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को समय पर परामर्श व उपचार उपलब्ध कराना ही स्व. घीसाराम जी बोहरा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जरूरतमंद मरीज अपना पंजीकरण मोबाइल नंबर 80059 66891 व 63778 85093 पर करवा सकते हैं।

## सात दिवसीय सेवा शिविर का शुभारम्भ आज

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** श्री श्याम युवा मित्र मंडल के तत्वावधान में श्याम भक्तों के लिए आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय सेवा शिविर का शुभारंभ शनिवार से होगा। शिविर को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को संगठन से जुड़े सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को उनकी-उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आयोजकों ने बताया कि सेवा शिविर का शुभारंभ शनिवार सुबह करीब 10 बजे विधि-विधान से किया जाएगा। यह शिविर 21 फरवरी से सात दिनों तक चलेगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 24 फरवरी की रात्रि को रतन फौजी व उनकी पार्टी की ओर से भजन-संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।बैठक में साधु चोरिया, पप्पू मीणा, हरि



चोरिया, सत्तार खान, शिवराम चिकना, रामनिवास यादव, महिपाल यादव, शंकर खातोदिया, मुकेश डाबड़, अमन खोजा, शंकर चोरिया, सुरेश कमलोडीया, जितेंद्र पत्रकार, राजेश बाड़ीगर, पृथ्वी कामलोडीया, सुभाष गल्डवाल, महेंद्र बाड़ीगर, विक्रम शेखावत, भीमसिंह यादव, सुभाष यादव, महेश सांपला, करण यादव, मुकेश सिसौटीया, कैलाश यादव, दीपक मोटन, लोकेश स्वामी, महेंद्र कामलोडीया, नरेंद्र वकील, मनीष ठुकरान एवं श्रीराम स्वामी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दीपेंद्र सिंह लेघा बने नावां तहसील किसान महासभा के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** राष्ट्रीय किसान महासभा की ओर से महाराजपुरा निवासी दीपेंद्र सिंह लेघा को तहसील सचिव, नावां पद पर नियुक्त किए जाने के बाद क्षेत्र के किसान वर्ग में उत्साह का माहौल है।नवनियुक्त तहसील सचिव दीपेंद्र सिंह लेघा ने कहा कि वे नावा क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और आमजन की समस्याओं को संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाएंगे। फसल बीमा, सिंचाई, समर्थन मूल्य और कृषि संसाधनों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए वे प्रशासन से समन्वय स्थापित करेंगे। उन्होंने संगठन की रीति-नीति एवं भारतीय संविधान की मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करते हुए किसान हितों की रक्षा का संकल्प लिया। क्षेत्र के किसान प्रतिनिधियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में नावां तहसील में संगठन और अधिक सक्रिय होगा।



# अनिल कपूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का पद ठुकराया?

**अनिल कपूर की फिल्म 'नायक' साल 2001 में रिलीज हुई। फिल्म की कहानी को दर्शकों ने काफी सराहा था। फिल्म में अनिल कपूर एक पत्रकार की भूमिका में थे, जिसे एक दिन का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है।असल जिंदगी में भी अनिल कपूर को एक खास पद पर काम करने का मौका मिला था, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया।**

## यूएन का ऑफर ठुकराया?

हाल ही बातचीत में अनिल कपूर कहते हैं, 'जब मुझे डैनी बॉयल की फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर( 2008 )' के कारण इंटरनेशनल लेवल पर पॉपुलैरिटी मिली तो यूएन की तरफ से एक सिंबॉलिक पोजिशन पर काम करने का ऑफर आया। लेकिन मैं इसे एक फोटो खींचवाने वाली जॉब की तरह नहीं करना चाहता था। मैं नहीं चाहता था कि लोग चार फोटो लें और मैं कुछ काम ना करूं। वैसे भी मेरी इतनी सारी प्रायोरिटीज हैं कि मुझे नहीं लगता कि यूएन वाला काम कर पाता। मैं बिना दिखावा किए सिर्फ वही काम करता हूं, जो मैं कर सकता हूं। मुझसे कहीं बेहतर लोग हैं जो राज्यसभा और लोकसभा में होने के लायक हैं।'

## ओटीटी पर आएगी अनिल की 'सूबेदार'

हाल ही में अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' का टीजर रिलीज हुआ। यह 5 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म की कास्ट और कहानी के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल फैंस अनिल कपूर को नए अवतार में देखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनिल कपूर के खाते में कई फिल्में शामिल हैं। 'सूबेदार' के अलावा उनकी आगामी फिल्मों और सीरीज में 'अल्फा', 'किंग' और 'फैमिली बिजनेस' शामिल हैं। इसके अलावा उनके 'नायक 2' बनाने की भी चर्चाएं हैं। हाल ही में अनिल कपूर अपनी बेटी सोनम कपूर के बेबी शॉवर में नजर आए थे।



# डेस्टिनेशन वेडिंग नहीं, इस थीम पर कृतिका कामरा और गौरव कपूर करेंगे शादी

क्रिकेट होस्ट गौरव कपूर औ कृतिका कामरा जल्द ही शादी करने वाले हैं। दोनों की शादी की खबरें बीते दिनों से सुर्खियों में थी। अब खबर है कि जल्द ही गौरव और कृतिका शादी करने वाले हैं। साथ ही दोनों ने शेयर भी किया है कि वे कैसी शादी करना चाहते हैं।

## सादगी भरी होगी शादी

कृतिका कामरा और गौरव कपूर मार्च में अपने जीवन में नई शुरुआत करने वाले हैं। लेकिन उन्होंने बड़ी और आलीशान डेस्टिनेशन वेडिंग की जगह एक मॉडर्न और मिनिमलिस्ट शादी करने का फैसला किया है। दोनों अपनी शादी की तैयारियों में खुद पूरी तरह शामिल हैं। हर छोटी-बड़ी चीज को सोच-समझकर प्लान किया जा रहा है। उनका मकसद दिखावे से दूर रहकर एक सादगी भरी शादी करना है।



## मुंबई में होगी शादी

कृतिका और गौरव अपनी सादगी भरी सोच के लिए जाने जाते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी शादी उनके असली व्यतित्व को दिखाए। मॉडर्न और एलिगेंट अंदाज को अपनाने का फैसला उन्होंने किसी ट्रेंड की वजह से नहीं, बल्कि अपनी पसंद और सोच के मुताबिक लिया है। कपल के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'कृतिका और गौरव के लिए शादी का मतलब बड़ा आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अहमियत है। उन्होंने डेस्टिनेशन वेडिंग छोड़कर मुंबई में एक सादी, मॉडर्न और इंटिमेट शादी करने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी पर्सनालिटी के हिसाब से हो। शादी के लिए हर डिटेल पर खास ध्यान दिया जा रहा है। सजावट से लेकर स्टाइलिंग तक, सब कुछ उनकी पसंद और पर्सनालिटी को दर्शाएगा।' जानकारी के मुताबिक, शादी का माहौल बेहद एनर्जी भरा और अपनापन लिए होगा। सजावट और पूरे सेटअप सादगी से भरा होगा, ताकि पूरे कार्यक्रम में अपनापन महसूस हो।



# 300 करोड़ है रणवीर सिंह की 'प्रलय' का बजट

रणवीर सिंह ने अपनी हालिया फिल्म 'धुरंधर' से बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। यह जासूसी थ्रिलर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अब रणवीर सिंह अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह एक जॉम्बी ड्रामा फिल्म है, जो उनके करियर की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है, जिसका बजट करोड़ों में है।

## क्या है प्रलय का बजट?

एक खबर के अनुसार, इस फिल्म का बजट लगभग 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यह रणवीर सिंह की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म हो सकती है। इसमें स्क्रिप्ट से लेकर वीएफएक्स (विजुअल इफेक्ट्स) तक हर चीज में शामिल है। उन्होंने बैकएंड प्रॉफिट-शेयरिंग डील भी की है।

## किस पर आधारित होगी फिल्म 'प्रलय'

फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता के बेटे जय मेहता कर रहे हैं। कहानी कोविड-19 महामारी की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें पोस्ट-एपोकैलिप्टिक दुनिया, जॉम्बी थ्रिलर, बड़े एक्शन और परिवार की भावनात्मक कहानी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ मुख्य अभिनेत्री के रोल में कल्याणी प्रियदर्शन नजर आ सकती हैं, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म की शूटिंग मई या जून 2026 में शुरू होने की उम्मीद है।

## 'धुरंधर 2' में नजर आएंगे रणवीर

रणवीर की 'धुरंधर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में आने वाली है। यह 19 मार्च को रिलीज होगी, जिसमें पहले हिस्से के कलाकार वापस आएंगे और यह और भी बड़े पैमाने पर बनी है। इसी दिन कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म 'टॉक्सिक' रिलीज होगी।



# 'लैला मजनू' की तर्ज पर 'हीर रांझा' बनाएंगी एकता कपूर

14 फरवरी 'वैलेंटाइन डे' पर फिल्म निर्माताओं ने 'हीर रांझा' की खास झलक शेयर की है। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध फिल्म निर्माता इम्तियाज अली के छोटे भाई साजिद अली करेंगे। एकता कपूर ने अपनी नई फिल्म 'हीर रांझा' की एक खास झलक इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म 'हीर रांझा' को लेकर कैप्शन में लिखा, 'कुछ प्रेम कहानियां कभी नहीं मरतीं।' आगे एकता ने लिखा, ' 'लैला मजनू' से लेकर 'हीर रांझा' तक की प्रेम कहानियों की विरासत जारी है।' इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता इम्तियाज अली है। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज के छोटे भाई साजिद अली करेंगे। फिल्म का निर्माण शोभा कपूर, एकता कपूर और प्रीति अली बालाजी मोशन पिक्चर्स और पी फिल्म के तहत करेंगे। फिल्म की इस झलक को देखकर यूजर्स काफी उत्साहित हैं और मांग कर रहे हैं कि लैला मजनू की तरह इस फिल्म में भी तृप्ति डिमारी और अविनाश तिवारी को ही कास्ट किया जाए।



# स्वयंभू के टीज़र में सम्युक्ता के वॉरियर अवतार ने मचाया तहलका

अपनी पिछली फिल्मों की कामयाबी पर सवार सम्युक्ता ने स्वयंभू के टीजर में ऐसा पावरफुल इम्पैक्ट छोड़ा है कि नजर हटाना मुश्किल हो जाए। इस बार वो नजर आती हैं एक भयंकर योद्धा के रूप में, जो अफरातफरी को चीरते हुए पूरे कॉन्फिडेंस और इंटेंसिटी के साथ आगे बढ़ती है। गूंथी हुई चोटी, युद्ध के लिए तैयार तेवर, और रफ-टफ योद्धा वेशभूषा में सम्युक्ता कच्ची ताकत और अटूट इरादे का प्रदर्शन करती दिखती हैं। उनका किरदार शब्दों से नहीं, एक्शन से बोलता है और हर फ्रेम ये इशारा देता है कि वो अपने करियर के सबसे साहसी क्रिएटिव फेज में कदम रख चुकी हैं। ये भूमिका इसलिए भी खास लगती है क्योंकि इससे पहले उनका परफॉर्मेंस ट्रैक रिकॉर्ड बेहद मजबूत रहा है। भीमला नायक में उन्होंने अपनी दमदार मौजूदगी से सबको प्रभावित किया, बिम्बिसार में पौराणिक दुनिया को एक्सप्लोर किया, विरुपाक्ष में थ्रिल का तड़का लगाया और सर में जमीन से जुड़ा अभिनय पेश किया। अब स्वयंभू में ऐसा लगता है जैसे इन सभी अनुभवों का संगम दिख रहा हो और सम्युक्ता खुद का और भी ताकतवर संस्करण बनकर सामने आई हों। टीजर में वो एक निडर और बेखौफ योद्धा के रूप में दिखती हैं, जो जेंडर की तय सीमाओं को चुनौती देते हुए तीखे एक्शन सीक्वेंस में कमान अपने हाथ में लेती है। कभी धनुष-बाण साधती हुई, तो कभी तलवार लहराती हुई – हर सीन इस बात का सबूत है कि इस किरदार के लिए उन्होंने जबरदस्त शारीरिक ट्रेनिंग और तैयारी की है। सम्युक्ता कहती हैं, स्वयंभू मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि मैंने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर ले जाएं। इस भूमिका ने मुझे शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर ऐसी चुनौती दी जैसा पहले कभी महसूस नहीं किया। एक गांव की महिला की आत्मा और शक्ति को समझने से लेकर घुड़सवारी और तीरंदाजी की कड़ी ट्रेनिंग तक, ये सफर बेहद गहन और परिवर्तनकारी रहा। इस किरदार में वो सब कुछ है जिसका एक अभिनेता सपना देखता है — ताकत, संवेदनशीलता और एक मजबूत आवाज। इस उग्र योद्धा रूप में ढलना मेरे करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है। स्वयंभू के अलावा भी सम्युक्ता के पास कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स लाइनअप में हैं, जहां वो अपनी बढ़ती रेंज दिखाती नजर आएंगी। जल्द ही वो ब्लैक गोल्ड में एक सशक्त पुलिस अधिकारी के रूप में फिल्म को लीड करेंगी और साथ ही पुरी जगन्नाथ की स्लम डॉग में विजय सेतुपति और तब्बू के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।



# सही समय और सही जीवनसाथी का इंतजार

**मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी शादी की खबरों को लेकर भी लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, शादी की खबरों पर मृणाल इनकार कर चुकी हैं। जबकि धनुष के साथ रिश्ते पर भी दोनों स्टार्स में से किसी ने भी खुलकर कुछ नहीं कहा है। अब मृणाल का कहना है कि वो शादी की योजना बना चुकी हैं।**

बातचीत में मृणाल ने कहा है कि शादी निश्चित रूप से उनकी योजनाओं का हिस्सा है, लेकिन तभी जब समय और जीवनसाथी सही लगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपने जीवन में सही साथी के आने का इंतजार कर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी अभिनेता धनुष के साथ उनके रोमांटिक संबंधों की अफवाहों को खारिज करने के कुछ ही समय बाद आई है। अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करते हुए मृणाल ने कहा कि वह एक दिन शादी करना चाहती हैं। जब सही दिन और सही जीवनसाथी मिलेगा, तो मैं खुद सोशल मीडिया पर इस खबर की घोषणा करूंगी।

## शादी को लेकर बदले लोगों के विचार

अभिनेत्री का मानना है कि समय के साथ लोगों का शादी को लेकर विचार भी काफी बदल गया है। एक्ट्रेस ने कहा कि आज लोग सामाजिक अपेक्षाओं या दबाव के बजाय सच्चे जुड़ाव के कारण शादी का चुनाव करते हैं। पहले शादी के पीछे अलग-अलग कारण हो सकते थे, लेकिन अब यह सही व्यक्ति के साथ रहने की इच्छा के बारे में है।

## पिछले साल से चल रहीं धनुष मृणाल के अफेयर की खबरें

पिछले कुछ वक्त से मृणाल और धनुष के अफेयर की खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं। पिछले दिनों तो ये भी खबरें आई थीं कि मृणाल और धनुष 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर ही शादी भी कर सकते हैं। हालांकि, इन खबरों को मृणाल ने यह कहते हुए खारिज किया था, 'शादी की तारीख तक आ गई और मुझे इनवाइट भी नहीं किया गया।' हालांकि, मृणाल और धनुष के रिश्ते की आधिकारिक तौर पर पुष्टि कभी नहीं हुई, लेकिन पिछले साल उनकी फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप पार्टी में शामिल होने के बाद अटकलें शुरू हो गईं। बाद में 'सन ऑफ सरदार 2' के प्रीमियर पर उनके धनुष को गले लगाने के वीडियो ने अफवाहों को और हवा दी।

## 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी मृणाल

मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस रोमांटिक लव स्टोरी में वो सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। रवि उदयवार द्वारा निर्देशित और संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा उनकी पाइपलाइन में आदिवी शेष के साथ रोमांटिक-एक्शन थ्रिलर 'डकैत' भी है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने है।



## कपड़े की थैलियों को जब्त करने पर व्यापारियों में रोष

### नपा कर्मियों पर लगाया अभद्रता का आरोप



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** नगरपालिका कर्मचारियों ने प्लास्टिक थैलियों के साथ ही कपड़े से निर्मित थैलियों को जब्त किए जाने पर कस्बे के व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए उपखण्ड अधिकारी व नपा प्रशासक अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्लास्टिक थैलियों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया हैं जो कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सराहनीय कदम हैं। इस मुहिम का व्यापारियों की ओर से समर्थन करते हुए प्लास्टिक थैलियों के स्थान पर कपड़े से बनी थैलियों का उपयोग किया जा रहा हैं। इसके बावजूद भी नगरपालिका की ओर से प्लास्टिक थैलियों को जब्त करने के साथ-साथ कपड़े की थैलियों को भी जब्त किया जा रहा है। साथ ही नगरपालिका के कर्मचारियों की ओर से व्यापारियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता हैं। व्यापारियों ने कपड़े की थैलियों को जब्त नहीं करने के सम्बन्ध में नगरपालिका को आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाने की गुहार लगाई।

## बावतरा की निजी स्कूल में फाइबर ईंटों के नीचे दबने से छात्रा की मौत



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के सायला उपखंड क्षेत्र के बावतरा में शुक्रवार को एक निजी स्कूल में फाइबर की ईंटें गिरने से नीचे दबकर एक बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक असाडा ( बालोतरा) निवासी भंवरलाल पुत्र देवाराम मेघवाल बावतरा गांव में कृषि कार्य करता है। उसकी पांच वर्षीय बेटी प्रीति कुमारी बावतरा गांव के ही मरुधर शिक्षण संस्थान निजी विद्यालय में प्रथम क्लास में पढ़ रही थी। शुक्रवार दोपहर को फाइबर ईंटों के सहारे रखा बोर्ड अचानक गिर गया, बोर्ड के ऊपर ईंटें भी गिर गई। इससे बच्ची नीचे दबकर गम्भीर घायल हो गईं। उसे तत्काल प्रभाव से सायला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जिसको चिकित्सकों ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद निजी स्कूलों में सुरक्षा प्रबंधों पर फिर से सवाल खड़े होने लगे हैं।

## एक जिला एक उत्पाद-ग्रेनाइट आर्टिकल को प्रोत्साहन के लिए विशेष जागरूकता शिविर व वर्कशॉप




जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले में पंच गौरव योजना के अंतर्गत शुक्रवार को रीको थर्ड फेज स्थित ग्रेनाइट एसोसिएशन भवन में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत चयन किए गए ग्रेनाइट आर्टिकल को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष जागरूकता शिविर व वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिला उद्योग व वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामाराम देवासी ने बताया कि शिविर में उपस्थित जनसमूह को सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स ने इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट, वाणिज्यिक कर आदि विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उद्योग विभाग से संबंधित राज्य सरकार की उद्यम संबंधी योजनाओं यथा-राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, राजस्थान एक जिला-एक उत्पाद नीति, राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति, राजस्थान एमएसएम ई नीति, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमवायएसवाय), राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना (वीवाययूपीवाय) के बारें में पीपीटी से जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में अतिथियों ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यमी प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से सहायता अनुदान राशि के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी राजीव सुथार, श्रम कल्याण अधिकारी बुद्धाराम विश्नोई, सहायक वाणिज्य कर अधिकारी तेजदीप जीनगर, दिनेश गोयल, रामरतन चौधरी, अरविन्द जैन, रीको के लोकेन्द्र सिंह, अर्जुन परिहार, सहित उद्यमी, विभिन्न औद्योगिक संघों के प्रतिनिधि व विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे।

## दो पक्षों ने दर्ज कराए मारपीट के मामले, पुलिस जांच में जुटी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के राजाखेड़ा थाने में 19 फरवरी की देर शाम दो पक्षों ने परस्पर एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट के आरोप लगाते हुए अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विद्युत विभाग के एईएन आनंद तिवारी ने मुकदमा संख्या 36/2026 दर्ज कराते हुए तीन नामजद सहित 8-10 अन्य व्यक्तियों पर पोर्टल पर दर्ज शिकायत के निस्तारण के लिए मौके पर जाने के दौरान उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष के लोकेन्द्र सिंह ने मुकदमा संख्या 37/2026 दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई तथा गले से सोने की चेन छीन ली गई। साथ ही उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार से जुड़े सबूत नष्ट करने से मना करने पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

## मातृ व शिशु मृत्यु दर कम करने पर दिया जोर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में संचालित राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति व उपलब्धियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव मीणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में परिवार नियोजन के लिए संचालित विभिन्न परिवार कल्याण योजनाओं, कार्यक्रमों में उपलब्ध करवायी जा रही विभिन्न गर्भनिरोधक सेवाओं की जिलावार प्रगति पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान में उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक उपलब्ध करवायी जा रही विभिन्न परिवार नियोजन साधनों यथा तीन महीने के अंतराल पर अंतरा इंजेक्शन, पीपीआईयूसीडी, छाया व अन्य ओरल पिल्स सहित स्थायी साधन महिला व पुरुष नसबंदी की प्रगति व उपलब्धियों की समीक्षा की गई। डॉ. मीणा ने कहा कि नव दम्पत्तियों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर उन्हें परिवार नियोजन की नई पहल किट तथा परामर्श सेवाएं उपलब्ध करवायी जाए। परिवार कल्याण कार्यक्रम में कार्यरत स्वास्थ्यकार्मिकों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण यथासमय पूरे किये जायें और आउटरीच कैंप आयोजित कर परिवार नियोजन की निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार नसबंदी व अन्य सेवाएँ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अंतरा इंजेक्शन की पहली डोज के बाद अन्य सतत डोज आवश्यक रूप से लाभार्थी महिला के लगवाने के लिए फॉलोअप करने के लिए गंभीरता बरतने के निर्देश दिये।

डॉ. मीणा ने कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम का सीधा संबंध मातृ व शिशु स्वास्थ्य से है। यदि पात्र दम्पत्तियों को समय पर सही परामर्श व सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तो मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों पर आने वाले लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण काउंसलिंग देने, सेवाओं की गोपनीयता बनाए रखने तथा सभी साधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी खण्ड समय पर डाटा की ऑनलाइन प्रविष्टि करें तथा रिपोर्टिंग में पारदर्शिता बनाए रखें। फील्ड स्तर पर आशा, एएनएम एवं अन्य कार्मिकों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समुदाय में जागरूकता गतिविधियों को और सशक्त बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र दम्पत्ति परिवार नियोजन साधनों को अपनाएं।

## कृषि मंडी में अव्यवस्थाओं का आलम, खुले में उपज डालने को मजबूर किसान

### समय पर नहीं हो रहा भुगतान, मंडी प्रशासन पर अनदेखी का आरोप



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कृषि उपज मंडी बिजौलियां में इन दिनों मक्का की खरीद जोरों पर हैं लेकिन मंडी परिसर में फैली अव्यवस्थाओं के चलते किसान वर्ग परेशान हैं। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य साधनों से अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, परंतु उन्हें फसल रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।चांदजी की खेड़ी के किसान नरेश धाकड़ ने बताया कि किसानों के लिए आरक्षित टीन शेड और प्लेटफॉर्म पर व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है। व्यापारियों की ओर से खरीदी गई फसल को किसानों के लिए बनाए गए विशाल चबूतरे पर रखा जा रहा है, जिससे किसानों को अपनी उपज खुले में डालनी पड़ रही है। बेमौसम बारिश के कारण किसानों को फसल खराब होने की चिंता सता रही है।किसानों का आरोप है कि मक्का की खरीद 1400 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से की जा रही है, लेकिन भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा। उनका कहना है कि नियमानुसार फसल विक्रय के अधिकतम तीन दिनों के भीतर बैंक चेक के माध्यम से भुगतान किया जाना चाहिए, जबकि यहां 15 दिन से अधिक समय बाद भुगतान देने की बात कही जा रही है। किसानों ने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए मंडी प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है। किसानों का यह भी कहना है कि व्यापारी मनमर्जी से भाव तय कर रहे हैं और भुगतान में देरी कर रहे हैं, जिससे सैकड़ों किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। मंडी कर्मचारी रमेश सैन ने बताया कि मंडी में करीब 70 व्यापारी पंजीकृत हैं और पिछले 20 दिनों से मक्का की खरीद जारी है। प्रतिदिन लगभग एक हजार बोरी उपज मंडी में आ रही है। आगे से खरीद कम होने के कारण भुगतान में कुछ देरी हो रही है। उन्होंने माना कि किसानों के लिए आरक्षित प्लेटफॉर्म पर व्यापारियों की ओर से खरीदी गई फसल अस्थायी रूप से रखी है और प्लेटफॉर्म छोटा होने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। किसानों ने मंडी प्रशासन से व्यवस्था सुधारने, आरक्षित प्लेटफॉर्म खाली करवाने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरूषोत्तमपुरा, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)

क्रमांक - ग्रा.पं.पु/ निविदा / 2025-26/18 दिनांक 17/2/2026

### ई-निविदा सूचना 2025-26

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत पुरूषोत्तमपुरा में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफल्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तें एवं जी- शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पुरूषोत्तमपुरा
पं.स.पावटा (कोटपूतली-बहरोड़)

प्रशासक
ग्राम पंचायत पुरूषोत्तमपुरा
पं.स.पावटा (कोटपूतली-बहरोड़)



## कार्यालय ग्राम पंचायत दांतिल, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड)

क्रमांक :- ग्रा.पं.दां/ निविदा / 2025-26 / 50 दिनांक : 17,02,2026

### ई - निविदा सूचना 2025-26

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत दांतिल में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए,बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN= ZJP2526WSRC02640
ZJP2526WSRC02639

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत दांतिल
पं.स.पावटा (कोटपूतली-बहरोड़)

प्रशासक
ग्राम पंचायत दांतिल
पं.स.पावटा (कोटपूतली-बहरोड़)


### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025: 'मेरा शहर साफ हो, इसमें सबका हाथ हो

## पालिका की मुहिम तेज, घर-घर पहुंचा स्वच्छता का संदेश



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिका ने शहर में व्यापक जनजागरूकता अभियान शुरू किया। अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि 20 फरवरी को पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को 'मेरा शहर साफ हो, इसमें सबका हाथ हो' थीम के माध्यम से सुमेरपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपील की गई। अभियान के दौरान घरों में सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखने की समझाइश दी गई। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा उसके दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए लोगों को कपड़े व जूट के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि प्लास्टिक से नालियां जाम होती हैं, पशुओं को नुकसान पहुंचता है और पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पालिका टीम ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाया और उन्हें अपने घर, स्कूल व मोहल्लों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। नगरवासियों से अपील की गई कि वे कचरा इधर-उधर न फेंकें और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर सुमेरपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में सहयोग करें।

## पोक्सो व अपहरण मामले में फरार 10 हजार का इनामी आरोपी 5 साल बाद गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत धौलपुर पुलिस ने अपहरण एवं पोक्सो एक्ट के मामले में पिछले करीब पांच वर्षों से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी सुमित चौहान को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ हवा सिंह के सुपरविजन में महिला थानाधिकारी सहीराम यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। महिला थाना धौलपुर में 25 जून 2021 को नाबालिग के अपहरण के संबंध में परिवादी की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर धारा 363, 366ए एवं 120बी के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। मामले में आरोपी सुमित चौहान घटना के बाद से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने सहारनपुर, दिल्ली एवं आगरा सहित विभिन्न स्थानों पर दबिश दी, लेकिन वह लगातार अपनी पहचान छुपाकर स्थान बदलता रहा। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों की सहायता से 20 फरवरी को आरोपी को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड-द्वितीय, जयपुर

कमांक :--4260 दिनांक :-12-2-26

### ई- निविदा सूचना संख्याः 57/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों

| क्र.स. | कार्य का नाम | संवेदक की श्रेणी | डिफेक्ट लाईब्लिटी अवधी | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Supply of Fitter in State Cancer Institute Pratap Nagar, Jaipur. (Sanitary work) | "S-1" (SANI-TARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23103 |
| 2. | Various repair and maintenance work in Ist and IInd type Bunglow under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Civil work) | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23104 |
| 3. | Various repair and maintenance work in Ist and IInd type Bunglow under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Sanitary work) | "S-3" (SANI-TARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23105 |
| 4. | Various repair and maintenance work in Ist and IInd type Bunglow under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Painting work) | "P-2" (PAINT-ING) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23106 |
| 5 | Various repair and maintenance work in Ist and IInd type Bunglow under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Steel Work) | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23107 |
| 6 | Various repair and maintenance work in Ist and IInd type Bunglow under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Joinery work) | "F-3" (JOIN-ERY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23108 |
| 7 | Various repair and maintenance work in Residential Minister & Raj Bhawan under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Painting work) | "P-4" (PAINT-ING) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23109 |
| 8 | Various repair and maintenance work in Residential Minister & Raj Bhawan under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Sanitary work) | "S-3" (SANI-TARY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23110 |
| 9 | Various repair and maintenance work in Residential- Minister & Raj Bhawan under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Joinery work) | "F-4" (JOIN-ERY) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23111 |
| 10 | Various repair and maintenance work in Residential Minister & Raj Bhawan under PWD City Dn.-II, Jaipur Sub Dn. Heera Bagh (Civil and Roof Leakage | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23112 |
| 11 | Day to Day and Urgent Emergency Repair and Maintenance work SMS Hospital-II, Jaipur. (Additional Painting work) | "P-3" (PAINT-ING) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23113 |
| 12 | Remaining Urgent and Emergency Repair and Maintenance work in SMS Hospital-I, Jaipur. (Tree Cutting work) (Civil work) | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23114 |
| 13 | Day to Day and Urgent Emergency Repair and Maintenance work SMS Hospital-II, Jaipur. (Repair Ceiling Plaster work) (Civil work) | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23115 |
| 14 | Day to Day and Urgent Emergency Repair and Maintenance work SMS Hospital-II, Jaipur. Trauma Centre (Additional Civil work) | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23116 |
| 15 | Remaining. Urgent and Emergency Repair and Maintenance work in SMS Hospital-I, Jaipur. (Repair Damaged Ceiling Plaster work) (Civil work) | "D" (CIVIL) | अनुबन्धानुसार | PWD2526WSOB23117 |

हेतु सम्मुख अंकित दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) सहित सा.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी (नियमानुसार) में पंजीकृत संवेदक एवं संवेदक जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवम् दूर संचार, रेल्वे या अन्य राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के 'एए' अथवा 'ए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित कि जाती हे निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.dipronline.org, www.eproc.rajasthan.gov.in, http//www.pwd.rajasthan.gov.in http//sppp.rajasthan.gov.in

अधिशार्षी अभियन्ता,
सा0नि0वि0 नगर खण्ड-2,
जयपुर

DIPR/C/3492/2025

CMYK

8

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
21 फरवरी, 2026

# स्थानीय स्तर पर किए गए नवाचार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे सकते हैं : कृष्ण कुणाल

## डाइट में समीक्षात्मक बैठक में शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने दिए अधिकारियों को निर्देश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाइट में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल के मुख्य आतिथ्य में व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के शैक्षिक परिदृश्य, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और विद्यालयों में संचालित नवाचारों की व्यापक समीक्षा की गई। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार महर्षि ने जिले की शैक्षिक उपलब्धियों, गुणवत्ता सुधार के प्रयासों तथा प्राथमिकताओं का तथ्य परक प्रस्तुतीकरण करते हुए विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। डाइट प्राचार्य व उपनिदेशक डॉ. गोविंद सिंह राठौड़ ने शिक्षक प्रशिक्षण, अकादमिक अनुश्रवण और क्षमता-विकास से जुड़े पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। बैठक में जिले के प्रमुख नवाचारों की पहल, अटल टिंकरिंग लैब, लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम, सेक्टर समीक्षा मीटिंग पोर्टल, 'कोड चूरू' नवाचार, 'सालासर बालाजी' वेबसाइट तथा डिजिटल कंटेंट एकीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला कलेक्टर सुराणा के नवोन्मेषी दृष्टिकोण के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों की क्रियान्वित की गई हैं, जिनका उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता, तकनीकी क्षमता और संस्थागत दक्षता को बढ़ावा देना है। शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने राजस्थान में पहली बार आयोजित हैकाथॉन प्रतियोगिता एज्यूहैक चूरू को उल्लेखनीय पहल बताते हुए विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल और समस्या-समाधान क्षमता की सराहना की। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र मयंक शर्मा और नरपत सिंह से संवाद कर उनके प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली व उपयोग पर चर्चा की। बैठक के दौरान शासन सचिव ने कहा कि स्थानीय स्तर पर विकसित नवाचार, यदि परिणामोन्मुख और विस्तार योग्य हो तो वे राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे सकते हैं। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि विद्यालयों में नवाचार केवल परियोजना नहीं, बल्कि सीखने के अनुभव को प्रासंगिक और भविष्य-उन्मुख बनाने का माध्यम हैं। सभी नवाचारों की प्रेजेंटेशन कंप्यूटर अनुदेशक गौरव कुमार शर्मा ने दी। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया। बैठक में डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत, एडीपीसी सरिता आत्रेय, सीडीओ भंवर लाल डूडी, डाइट उप प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय, भंवर गुर्जर, सुनील कुमार शर्मा, कुसुम शेखावत, दिनेश कुलहरी, विजय लक्ष्मी शेखावत, उमा सारस्वत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने डाइट में पौधारोपण भी किया।

## रसद विभाग की बड़ी कार्रवाई, होटलों से 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(कास)।** कस्बे में शुक्रवार को रसद विभाग की टीम ने घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न होटल व रेस्टोरेंटों पर छापेमारी की। कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया कि जिला रसद अधिकारी अंशु तिवाड़ी के निर्देशन में नोखा रोड स्थित विद्युत विभाग के सामने जय माँ भवानी होटल में जांच के दौरान व्यावसायिक कार्य में उपयोग किए जा रहे 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसके बाद टीम ने डूंगरगढ़ तिराहा स्थित न्यू भवानी होटल पर कार्रवाई करते हुए तीन घरेलू सिलेंडर जब्त किए। इस प्रकार कुल 13 घरेलू गैस सिलेंडर कब्जे में लिया और डिस्ट्रीब्युटर शुभम गैस एजेंसी को सुपुर्द किए। कार्रवाई के दौरान तारानगर के प्रवर्तन अधिकारी जितेंद्र सिंह व बीदासर आसुचना अधिकारी नोपाराम सहित विभागीय टीम मौजूद रही। महिपाल सिंह ने बताया कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। रसद विभाग की इस कार्रवाई के बाद कस्बे के होटल व रेस्टोरेंट संचालकों में हलचल देखी गई।

## रूपेली व घंटियाल बड़ी में पानी की टंकियां स्वीकृत, संतोष मेघवाल का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** ग्राम रूपेली एवं घंटियाल बड़ी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बजट में पानी की टंकियां स्वीकृत होने पर भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। बजट में ग्राम रूपेली में पानी की टंकी तथा घंटियाल बड़ी में पानी की टंकी के साथ लाइब्रेरी स्वीकृत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके निवास स्थान पहुंचकर माला, साफा व चुनड़ी ओढ़ाकर सम्मान किया। क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए निवर्तमान प्रधान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर साण्डवा मंडल अध्यक्ष सहिनाथ सिद्ध, उम्मेद सिंह, तिलोक नाथ, रामावतार स्वामी, हडमान सिंह, तुलसाराम शर्मा, लालाराम बिजारणिया, डूगर मल सुहाग सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इन स्वीकृत कार्यों से क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था मजबूत होगी और आमजन को राहत मिलेगी।

## भागवत कथा: दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने किया व्यासपीठ पूजन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के श्री मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर में पुजारी राजूराम के सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन धार्मिक वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा यजमान मांगीलाल प्रजापत व विष्णु पारीक ने सपत्नीक व्यासपीठ की विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया। व्यासपीठ पर विराजमान दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने अपने प्रवचनों में भीष्म स्तुति, राजा परीक्षित की ओर से मरणासन्न पुरुष के कर्तव्यों, सृष्टि क्रम, कपिलोपाख्यान, ध्रुव व सती चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कपिल नारायण भगवान के अवतार व जन्म की कथा का भी मार्मिक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दिया। कथा के दौरान बालाजी मंदिर समिति के सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति व श्रद्धा का माहौल बना रहा।

## लाल कुआं चौक में चार दिवसीय फागोत्सव 28 से, नई कार्यकारिणी गठित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के घंटाघर स्थित लाल कुआं चौक में 28 फरवरी से चार दिवसीय फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि फागोत्सव 28 फरवरी से शुरू होकर 1, 2 व 3 मार्च तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित होगा और समापन गैर जुलूस के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन की शुरुआत विशेष केसर के दूध से होगी। चार दिनों तक स्थानीय कलाकारों की ओर से होली के पारंपरिक गीत, नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे लाल कुआं चौक क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहेगा। फागोत्सव के सफल संचालन के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष अमित जोशी, महामंत्री ताराचंद ठेकेदार, मंत्री मनोज जालान सहित उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, कलाकार व कार्यकारिणी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही संरक्षक मंडल का भी गठन कर आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।आयोजकों ने शहरवासियों से फागोत्सव में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर होली की पारंपरिक मस्ती का आनंद लेने की अपील की है।

# बीदासर में प्रतिबंधित पॉलीथीन पर पालिका की बड़ी कार्रवाई

## 11 थोक विक्रेताओं से 54 किलो 910 ग्राम जब्त



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** शहर में प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 थोक विक्रेताओं के यहां छापेमारी कर कुल 54 किलो 910 ग्राम पॉलीथीन जब्त की। कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी भरत गौड़ के निर्देश पर सहायक अभियंता मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के विभिन्न प्लास्टिक थोक विक्रेताओं पर अभियान चलाया। पालिका टीम की ओर से पूसाराम मारोठिया जनरल स्टोर से 5 किलो, सुखाराम घोडेला जनरल स्टोर से 31 किलो, सवा किराणा व जनरल स्टोर से 2.5 किलो, अजय प्रजापत जनरल स्टोर से 5 किलो, छींपा ट्रेडर्स से 1 किलो, इकबाल हुसैन छीपा से 2 किलो, जोधपुर मिष्ठान भण्डार से 2 किलो, इमरान किराणा स्टोर से 1 किलो, पवन कुमार प्रमेश्वरलाल जनरल स्टोर से 2 किलो, अग्रवाल जनरल स्टोर से 1 किलो तथा डूडी ट्रेडिंग कम्पनी से 1 किलो प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त की गई। अधिशाषी अधिकारी भरत गौड़ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग पूरी तरह बंद किया जाए। उन्होंने बताया कि पॉलीथीन से शहर के सौंदर्यकरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में प्रतिबंधित पॉलीथीन का विक्रय करते पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई कर चालान किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से कपड़े व जूट के थैलों के उपयोग की अपील की गई। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक गिरधारी लाल, जमादार तेजपाल, अशोक कुमार, विजेश रेगर, नोरतमल रेगर, मुरलीमनोहर सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## नाला निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

# पानी निकासी नहीं होने पर वार्डवासियों ने किया रास्ता जाम, जमकर नारेबाजी



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के भावनदेसर रोड पर नगरपालिका की ओर से करवाए गए नाला निर्माण में कथित गड़बड़ी एवं पानी निकासी की समस्या को लेकर आक्रोशित वार्डवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता तथा पालिकाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रास्ता बंद कर रोष जताया।

निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मिर्जा राम ने बताया कि भावनदेसर रोड का निर्माण करीब 10 लाख रुपये की लागत से किया गया था, लेकिन सड़क निर्माण के समय पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। इसके बाद निकासी के लिए बनाए गए नाले में भी निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरती गईं। आरोप है कि नाले में टूटे हुए पाइप डाल दिए गए तथा बिना लेवल और पीसीसी के पाइप बिछाकर कार्य को पूरा दिखा दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यादेश के मापदंडों के विपरीत निर्माण होने के संबंध में नगरपालिका को शिकायत भी दी गई, लेकिन कथित रूप से भ्रष्टाचार के चलते ठेकेदार का भुगतान कर दिया गया। घटिया निर्माण के कारण कई गलियों में गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे क्षेत्र में तालाब जैसी स्थिति बन गई है और राहगीरों का आवागमन भी बाधित हो रहा है। स्थानीय निवासी कालूराम ने आरोप लगाया कि करीब 100 मीटर कम नाला बनाकर अधिक भुगतान लिया गया है। उन्होंने कहा कि कई शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वार्डवासियों का कहना है कि लंबे समय से उन्हें गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे मौसमी बीमारियों का खतरा भी बना रहता है और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। साथ ही आगामी चुनाव में जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाने की बात भी कही।

# शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंजा सूर्य मंदिर



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के सानिध्य में प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर में भुरामल बृजमोहन भोजक परिवार ने शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना वैदिक मंत्रोचार पूर्वक करवाई गई। प्रतिष्ठाचार्य धर्मशास्त्राचार्य डॉ बालकृष्ण कौशिक ने प्रतिष्ठानुठान में गणपतत्यादि मण्डल ?पूजा पूर्वक हवन पश्चात स्थापत्य मूर्तियों का जलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, घर्तिाधिवास, त्रिवेणी स्नान, नेत्रोंमिलन संस्कार, ग्राम प्रतिक्षणा पूर्वक शैययाधिवास व न्यास विधान मंत्रोचार पूर्वक किया गया। ध्वज प्रतिष्ठा व शिव प्रतिष्ठा में पं. रामस्वरूप नथोलिया, पं. राधेश्याम पारीक, पं. सुशील उपाध्याय व ऋषि कुल के ब्रह्मचारियों ने वेद पाठ किया। इस अवसर पर प्रेमरतन भौजक, पुजारी ओमप्रकाश भोजक, नोरतन पांडे, हरिमोहन भोजक, राधेश्याम भोजक, सरस्वती शर्मा, डॉ दुर्गा भोजक, विनीता शर्मा, एडवोकेट वसुधा भोजक, शिव प्रताप भोजक, एडवोकेट देवव्रत भोजक, अभिषेक भोजक, आशुतोष भोजक, केसरीचंद्र भोजक, गिरधारी सैनी, दीनदयाल भोजक, एडवोकेट रवि भोजक, अशोक भोजक, सुशील भोजक, रामजी पांडे, अरुण भोजक, हिम्मतमल भोजक, सुरेंद्र भोजक, बालमुकुंद भोजक, घनश्याम भोजक, डॉ हरिशंकर भोजक, नोरतन भोजक, राजेंद्र भोजक, राजकुमार पांडे, सावित्री देवी भोजक, मधुदेवी भोजक, चांदनी देवी भोजक, अंजना भोजक, राजू देवी भोजक, मधु भोजक, माया भोजक, सुनीता भोजक, कांता भोजक, हेमलता भोजक, मनीषा भोजक, दीक्षा भोजक, आयुषी शर्मा, अदिति शर्मा, वर्षिता भोजक, मानवी भोजक, मनस्वी शर्मा, यशस्वी भोजक, निव्यांश, निव्यांशी, यशविन भोजक, नेहन भोजक, तमन्ना भोजक, खुशी भोजक, अशोक भोजक, कान्हा गिरिश भोजक, मिलाप चंद भोजक सहित अनेक भक्तों ने भाग लिया।

# देहदानी चौ. रूड़ाराम सारण की प्रथम पुण्यतिथि पर परिजनों ने की देहदान की घोषणा



जयपुर टाइम्स

**नेछवा/सीकर(निस)।** मानवता की मिसाल पेश करने वाले नेछवा क्षेत्र के घिरणिया बड़ा निवासी देहदानी चौधरी रूड़ाराम सारण की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को उनके परिजनों ने भी देहदान की घोषणा कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। देहदान व अंगदान मोटिवेटर बी.एल. मील तथा ग्राम विकास अधिकारी संघ जिला अध्यक्ष भागीरथ सारण ने बताया कि इस अवसर पर चौधरी रूड़ाराम सारण की धर्मपत्नी धनी देवी, पुत्र व पुत्रवधू पूर्व सरपंच मोहन सिंह व सोनी देवी, काछवा निवासी हरलाल फेनिन तथा पिपराली रोड निवासी चंद्रभान वर्मा एवं उनकी पत्नी विमला देवी ने देहदान की घोषणा की। सारण परिवार की ओर से की गई इस पहल से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा तथा मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल अध्ययन के लिए सहयोग मिलेगा, जिससे वे अपने कौशल का विकास कर सकेंगे। ग्रामीण अंचल में यह अनुकरणीय कार्य जनजागरूकता का माध्यम बनेगा। देहदान की घोषणा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी, एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. सरयू सेन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विश्व दीपक यादव ने घोषणाकर्ताओं को आईकार्ड प्रदान किए। इस अवसर पर केशवानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के निदेशक रामनिवास ढाका, लैब अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी, अतिरिक्त रजिस्ट्रार गंगाधर सारण, एडवोकेट भगत सिंह वर्मा, डॉ. ममता सारण, सुभाष निठारवाल, बनवारी फोगाट सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 में सीकर में आयोजित देहदान कार्यक्रम के दौरान मात्र एक घंटे में 132 से अधिक लोगों ने देहदान की घोषणा कर अनूठा रिकॉर्ड बनाया था, जिसमें सबसे अधिक उम्र के देहदानी के रूप में चौधरी रूड़ाराम सारण ने भी देहदान की घोषणा की थी।

# युवक का शव मिलने से सनसनी: मुआवजे की मांग, परिजनों ने शव लेने से किया इंकार

## आक्रोशित लोगों ने अस्पताल के बाहर धरना






जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव छोटी सवाई के पास एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर राजकीय उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की शिनाख्त छोटी सवाई निवासी सांवरमल पुत्र मांगीलाल राजपुरोहित (33) के रूप में हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया तथा दो व्यक्तियों को पूछताछ के लिए राउंडअप किया है। वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए परिजनों को बुलाया गया, लेकिन परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी व मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए शव लेने से इंकार कर दिया। परिजनों व ग्रामीणों ने राजकीय उप जिला चिकित्सालय के बाहर धरना शुरू कर दिया, जिसे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का समर्थन भी मिला। विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि मृतक ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था तथा परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। ऐसे में प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की जा रही है। धरना स्थल पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांवरमल जाखड़, राकेश चौधरी, राज चौधरी, महावीर तेतरवाल, शिवा चौधरी, ताराचंद सारण सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। परिजनों का कहना है कि जब तक मुआवजा व आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक शव नहीं लिया जाएगा। मृतक के भाई लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि गांव के पास स्थित करणी होटल पर उसके भाई का पप्पूराम नायक व ओमप्रकाश नायक के साथ विवाद हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि झगड़े में गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हुई तथा बाद में शव को मिट्टी में दबा दिया गया। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई की ओर से परिजनों व ग्रामीणों से समझाइश की गई, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

CMYK

# श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्रीश्याम सखी महिला मंडल की ओर से फतेहपुर मार्ग स्थित वार्ड एक में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। भोग की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इत्र वर्षा की गई। श्रीश्याम सखी महिला मण्डल की प्रमुख उमा हेमाणी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम महिला मंडल की पदाधिकारियों व सदस्यों ने ज्योत प्रज्वलन व पूजा-अर्चना के साथ किया। मुख्य यजमान रामस्वरूप चौपदार व सुलोचना देवी आदि ने विशेष पूजा - अर्चना की। आरम्भ में गणेश वंदना, हनुमान वंदना गुरु वंदना के साथ संकीर्तन की शुरूआत की गई। वही भजन सम्राट सरोज सिधांनिया ने तू नीले चढ़ कर आजा, सांवरिया सेठ है तो सेठानी कौन है, हम बिक गए खाटू के बाजार में आदि भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। मन की बात सांवरिया से आज सुना के देख ले आदि भजन गायक भक्ति को देर रात तक झूमने को मजबूर कर दिया। वही उमा हेमाणी ने नाम मेरे खाटू वाले का जिस जिस ने गाया है, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आना है आदि भजन प्रस्तुत कर भक्तों को नाचने से मजबूर कर दिया। भजन सुनने के लिए देर रात तक खाटू श्यामजी के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम के दौरान भक्तों पर चंदन के इत्र मिश्रित जल का छिड़काव किया गया और गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा से पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में रंग गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में उमा हेमाणी, सरोज मोदी, संगीता टेलर, मन्जू सैनी, दिव्या अग्रवाल, कमला देवी, दिव्या हेमाणी, सन्जू सैनी, विद्या, ज्योति, सीमा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रमजान के पहले जुम्मे पर मस्जिदों में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, अमन-चैन की मांगी दुआ



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** पवित्र माह रमजान के पहले जुम्मे पर शुक्रवार को मंडावा क्षेत्र की मस्जिदों में अकीदत और एहतराम के साथ नमाज अदा की गई। जुमे की नमाज को लेकर मुस्लिम समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र की सभी प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। रमजान की शुरुआत चांद दिखने के साथ ही हो चुकी है और पहले जुम्मे के अवसर पर मस्जिदों में साफ-सफाई, वुजू के पानी की समुचित व्यवस्था, अतिरिक्त दरी-बिछाने एवं लाउडस्पीकर की व्यवस्था की गई, ताकि अधिक से अधिक लोग सुविधापूर्वक नमाज अदा कर सकें। बिसाऊ मार्ग स्थित अबूब्रक मस्जिद के सदर हाजी एफजे खत्री ने बताया कि जुमे की नमाज से पूर्व इमाम की ओर से रमजान की फजीलत, रोजे की अहमियत व तकवा के महत्व पर बयान किया गया। इसके पश्चात नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, खुशहाली व भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई। नमाज के दौरान मस्जिदों में देश की शांति व समृद्धि के लिए सामूहिक दुआएं भी मांगी गईं। नमाज के बाद बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई और लोग इफ्तार के लिए फल, पापड़ एवं अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी करते नजर आए। हाजी एफजे खत्री ने बताया कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और रहमत का प्रतीक माना जाता है। इस पवित्र माह में रोजा, तरावीह की नमाज, कुरान की तिलावत व जरूरतमंदों की मदद को विशेष महत्व दिया जाता है। पहले जुम्मे के अवसर पर मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे।

# सात वर्षीय अहमद रजा ने रखा रोजा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्य कर्ता मो. इकबाल मौलानी के पोते अहमद रजा मौलानी ने सात साल की उम्र में पहले जुम्मे पर अपने जीवन का पहले रोजा रखा। अपने परिजनों के रोजा रखने से प्रेरित होने वाला अहमद रजा मौलानी 5 वक्त नमाज पढता है तथा दीनी तालीम हासिल कर रहा है। पहला रोजा रखने पर सभी परिजनों ने अहमद रजा का इस्तकबाल किया तथा सभी ने मिल कर मुल्क की खुशहाली व भाईचारे तथा प्रगति की दुआ की।

# वाहिदपुरा में श्रीगोपाल गौशाला का उद्घाटन 23 को

**मण्डावा(निस)।** वाहिदपुरा में तीन दिवसीय श्री गोपाल गौशाला का उदघाटन समारोह शनिवार को रात्रि जागरण से आरम्भ होगा। ब22 फरवरी को सुबह सवा नौ बजे पूजन व हवन कार्यक्रम होगा तथा 23 फरवरी को सुबह साढ़े नौ बजे विशाल कलश यात्रा, सवा 11 बजे गौ प्रवेश व पूजन कार्यक्रम, दोपहर साढ़े 12 बजे संतों व अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद दोपहर सवा एक बजे प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र सिहं राठौड़ झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भामू, चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व प्रधान सुशीला सीगड़ा, भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया, शिवकरण जानूं, सरपंच केसरी देवी आदि 23 फरवरी के कार्यक्रमों के मंचासीन अतिथि होंगे, जबकि 21 फरवरी के कार्यक्रम में पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार व दिनेश धाबाई तथा 22 फरवरी को भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि व ओपी केजड़ीवाल आदि मंचासीन अतिथि होगे।

# आस्था और आधुनिक तकनीक का संगम बनेगा खाटूश्यामजी का फाल्गुनी मेला: 35 लाख श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार प्रशासन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/सीकर।** सीकर जिले में स्थित विश्वविख्यात तीर्थ खाटूश्यामजी मंदिर में 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाला फाल्गुनी मेला इस वर्ष आस्था, अनुशासन और आधुनिक प्रबंधन का अद्भुत संगम बनने जा रहा है। करीब 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान के बीच राजस्थान पुलिस, जिला प्रशासन एवं श्री श्याम मंदिर कमेटी ने सुरक्षा, यातायात, दर्शन व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित एवं सहज दर्शन कर सके।






## रींगस से खाटू तक 17 किमी का समर्पित पैदल कॉरिडोर:

पदयात्रियों की परंपरा को ध्यान में रखते हुए रिंगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर तैयार किया गया है। यह मार्ग पूरी तरह वाहनों से मुक्त रहेगा। मार्ग पर पेयजल, प्रकाश, शौचालय एवं विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं तथा पुलिस बल की सतत निगरानी से सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी

## 22 सेक्टर, 350 सब-सेक्टर और हाईटेक निगरानी

मेले की सुरक्षा के लिए पूरे क्षेत्र को 22 मुख्य सेक्टर एवं 350 सब-सेक्टर में विभाजित किया गया है। 5 हजार से अधिक पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात रहेंगे। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

## 44 एलईडी स्क्रीन और QR कोड से मिलेगी सहायता

मंदिर परिसर एवं प्रमुख प्रवेश द्वारों पर 44 डिजिटल एलईडी स्क्रीन स्थापित की गई हैं, जिन पर दर्शन की प्रतीक्षा अवधि, पार्किंग उपलब्धता, सुरक्षा निर्देश, आरती समय एवं आपातकालीन नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही QR कोड आधारित मार्गदर्शन प्रणाली श्रद्धालुओं को आसान नेविगेशन में मदद करेगी।

## 12 पुलिस सहायता बूथ रहेंगे तैनात:

मेला परिसर में 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जो लैंडलाइन एवं वायरलेस सुविधाओं से लैस रहेंगे। श्रद्धालु किसी भी प्रकार की समस्या होने पर यहां त्वरित सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

## 27 फरवरी को निकलेगी भव्य रथ यात्रा:

एकादशी के पावन अवसर पर 27 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे मंदिर से भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष बैरिकेडिंग, मजिस्ट्रेट तैनाती एवं अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था रहेगी।

# धनूरी टोल प्लाजा का ग्रामीणों ने किया विरोध:मांगे नहीं मानने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** धनूरी टोल प्लाजा पर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव और किसान नेता अरविंद गढ़वाल के नेतृत्व में सुबह 11 बजे से बड़ी संख्या में ग्रामीण टोल पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।अपनी 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन मैनेजमेंट को सौंपा। मैनेजमेंट की ओर से मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेने से नाराज ग्रामीणों ने टोल को 'टोल फ्री' करवा दिया और मौके पर ही अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से टोल नियमों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया है।

## टोल पर बैठे ग्रामीण, किया विरोध प्रदर्शन:

धरना स्थल पर मौजूद किसान नेता रमेश राहड़ ने बताया कि टोल मैनेजर ने चर्चा के लिए आधा घंटा मांगा था, लेकिन ग्रामीणों ने एक घंटे तक इंतजार किया। जब कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला, तो ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरने का निर्णय लिया। राहड़ ने कहा कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा। अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव अरविंद गढ़वाल ने कहा कि स्थानीय लोगों को राहत मिले।टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी गाँवों के



वाहनों का टोल पूरी तरह माफ किया जाए। दूरी का नियमः नियमों के अनुसार दो टोल के बीच 60 किमी की दूरी होनी चाहिए, जबकि लम्बोर बड़ी और धनूरी के बीच मात्र 43 किमी की दूरी है। इस अवैध टोल को हटाया जाए। पौधारोपणः रोड निर्माण के समय तय किए गए 16,700 पेड़ तुरंत लगाए जाएं, जो अब तक नहीं लगे हैं। सुरक्षा मानकः हाईवे के सभी सुरक्षा और दिशा-निर्देशों को सख्ती से पूरा किया जाए। आंदोलन के दौरान अरविंद गढ़वाल, रमेश राहड़ के साथ अजीत सिंह, महेन्द्र बाबल, तौफीक, विजय खालिया, देवकीनंदन बसेरा, जयपाल महला, शीशराम सरावग, महिपाल पूनिया, नरेश राहड़, दिनेश, शाहिद खान, जगमाल, न्यूम भाटी, अनीश, साहिन, सुमित बलौदा, राजवीर खिचड़, अलीमुदिन, विकास महला, अनूप कटारिया, अरुण कालेर, सुरेंद्र सिलाएच, संदीप रेवाड़, सद्दाम समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सौ किलो प्लास्टिक जप्त, 4 हजार का जुर्माना

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़ (नि.सं.)।** नगरपरिषद आयुक्त के निर्देशों पर षहर में प्लास्टिक की थैलियां जप्त की गई हैं। नगर परिषद की टीम ने पांच जगहों पर कार्यवाही की और करीब 1 क्विंटल प्लास्टिक की थैलियां जप्त की हैं। स्वच्छ भारत अभियान प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि करीब सौ किलो प्लास्टिक जप्त कर 4 हजार रूपये के चालान भी किए गए हैं। यह प्लास्टिक जब्ती राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा और सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी की गिनरानी में गई। नगर परिषद की ओर से कार्यवाही करने वाली टीम में एएसआई जगदीश, हेड कांस्टेबल सहीराम, फायरमैंन प्रमोद विश्नोई, जमादार नथमल, अनिल, रणजीत और वाहन चालक सूरजभान आदि शामिल रहे।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DOKAN P.S. PATAN (SIKAR)**

S.NO. 88 DATE : 20-02-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 20-02-2026, 09:30 AM to 26-02-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 378000/-

UBN No. PKP2526WSOB00343-344

**PRASHASHAK GP DOKAN** **VDO GP DOKAN**

# 10 दिवसीय निःशुल्क क्षार शल्य चिकित्सा शिविर का समापन

**चूरू(निस)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग चूरू की ओर से 11 से 20 फरवरी तक चल रहे 10 दिवसीय निःशुल्क क्षार शल्य चिकित्सा शिविर का समापन शुक्रवार को समारोह पूर्वक हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. मनीराम शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद पद्धति से पाइल्स, फिस्टुला, फिशर के मरीजों की क्षार सूत्र से शल्य चिकित्सा की गई, जिसमें लगभग 105 रोगियों ने लाभ उठाया। शिविर के सह संयोजक डॉ. ओम प्रकाश चोयल ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त निदेशक बीकानेर के डॉ. राधेश्याम शकरवाल थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सहारण ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. रामकृष्ण शर्मा, सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा, शल्य चिकित्सक डॉ. पंकज पोटलिया व डॉ. हरवीर सिंह सांगवा व निश्चेतन चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरोज रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राधेश्याम ने बताया कि इस 10 दिवसीय शिविर का जिले वासियों ने भरपूर लाभ उठाया। इस दौरान उपनिदेशक डॉ. सतवीर सहारण ने शिविर को सफलतापूर्वक संचालन करने पर अधिकारियों- कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों ने शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। शिविर में डॉ. अजय कौशिक, डॉ. शक्ति आसेरी, कंपाउंडर ओमप्रकाश सैनी, प्रीति, स्वाती, मक्खन लाल, सुरेंद्र परिचारक, पवन कुमार आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई।

# पांच आरोपियों को न्यायालय ने भेजा जेल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन युवकों को न्यायालय ने जेल भेजे जाने के आदेश दिए हैं। कोतवाली पुलिस के अनुसार रब्बानी, शादिल, मोहम्मद सद्दाम को जेल भेजा गया है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि पुलिस लगातार चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। इसी प्रकार हमले के आरोपी उमर उर्फ राजा दमामी निवासी नया बाजार, व्यापारियों की मस्जिद के पीछे सुजानगढ़ को भी जेल भेज दिया गया है। वहीं हत्या के प्रयास के आरोप में मोहम्मद रब्बानी को न्यायालय ने जेल भेजे जाने के आदेश दिए हैं।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का अयोजन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में किया जायेगा। शनिवार को 21 फरवरी को होने वाली बैठक में विधानसभा क्षेत्र सुजानगढ़ की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अन्तिम प्रकाशन करने के सम्बंध में चर्चा की जाएगी।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 3035-3048 Date-1-02-2026

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 55/2025-26 Work for Operation and Maintainance of Pipeline and Valves of RWSS Khandwa Patta Churu and Nit no 56/2025-26 Work for Shifting/Deepning of Pipe Line for Railway Crossing Near Asloo Station in Asloo - Ladariya - Badki Pipe line under Distt. Sub Div. Churu and Nit no 57/2025- 26 Work for Shifting/Deepning of Pipeline & sluice valve chamber near Sirsala railway station due to Doubling of Churu-sadulpur railway track under CBP sub div. churu are invited form interested bidders upto 23-02-2026 (15:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 55/2025-26 Rs. 03.97 Lacs and 56/2025-26 Rs. 02.95 Lacs and Nit no 57/2025-26 Rs. 0.45 Lacs

UBN No. PHE 2526 WSOB 13816 RS 03.97 Lacs
UBN No. PHE 2526 WSOB 13817 RS 02.95 Lacs
UBN No. PHE 2526 WSOB 13818 RS 0.45 Lacs

DIPR/C/3298/2026

**Executive Engineer, PHED Division Churu**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक : डी-2078-87 दिनांक : 12/02/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 37/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत कमरा निर्माण, भवन मरम्मत, इन्टरलॉक व सड़क निर्माण एवं सड़क मरम्मत कार्य कुल 07 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है । आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc. rajasthan. gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD252645655 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB23048 | 2 | PWD2526WSOB23051 |
| 3 | PWD2526WSOB23053 | 4 | PWD2526WSOB23054 |
| 5 | PWD2526WSOB23057 | 6 | PWD2526WSOB23059 |
| 7 | PWD2526WSOB23061 | | |

DIPR/C/3490/2026

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर

**OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)**

S.No. 385 DATE: 19-2-26

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 24-02-2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in&http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS: 700000.

UBN No. PKP2526WSOB00342

**BDO P.S. PATAN**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304**

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phod@rajasthan.gov.in

क्रमांक 2368-2380 दिनांक 13.02.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Offline tenders are hereby invited on behalf of the Honble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http// sppp.rajasthan.gov.in, and http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Offline Tendar website submitted Last Date & time for submission Up to 23-02-2026 (02:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 108/2025-26 | PHE2526GSOB14229 |
| 2 | 109/2025-26 | PHE2526GSOB142330 |
| 3 | 110/2025-26 | PHE2526WSOB14231 |
| 4 | 111/2025-26 | PHE2526GSOB14232 |
| 5 | 112/2025-26 | PHE2526WSOB14233 |
| 6 | 113/2025-26 | PHE2526SSOB14234 |
| 7 | 114/2025-26 | PHE2526WSOB14235 |
| 8 | 115/2025-26 | PHE2526WSOB14236 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/3578/2026

**Exekutive Engineer, PHED Division Taranagar Contact- 98871-81073**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
21 फरवरी, 2026

## परशुराम रक्षक दल के चूरू जिला अध्यक्ष बने वरुण शर्मा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** अंतर्राष्ट्रीय संगठन की ओर से संचालित परशुराम रक्षक दल में सवाई बलवानिया निवासी शिक्षक वरुण शर्मा को चूरू जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा के आदेशानुसार प्रदेशाध्यक्ष राम जीवन शर्मा ने की। वरुण शर्मा पिछले दो वर्षों से तहसील स्तर पर देहात अध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहते हुए ब्राह्मण समाज के लिए विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनकी निष्ठा एवं लगन को देखते हुए उन्हें जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद ब्राह्मण समाज में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर बजरंगलाल दीक्षित, यश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, अशोक पारीक, भरत गौड़, अमित शर्मा, मुकेश शर्मा, सचिन सेवदा, ऋषि शर्मा, मनोज शर्मा, मनीराम पारीक, अरविंद नाथोलिया, प्रियांक शर्मा, राम पारीक, अनुराग दाधीच, सीताराम भोजक, बाबूलाल शर्मा आदि ने बधाइयां दी।

## माय भारत युवा मंडल विकास अभियान का शुभारम्भ




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मेरा युवा भारत चूरू के तत्वावधान में शुक्रवार को माय भारत युवा मंडल विकास अभियान का शुभारंभ जिला स्टेडियम में किया गया। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी ने कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अभियान को सफल बनाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लेखाधिकारी महेश कुमार सैनी, सुरेन्द्र कुमार, मनीष, संदीप सैनी, शहजाद अली, हितेश सोनी, नवीन, दिनेश, प्रकाश, राकेश आदि उपस्थित रहे। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 5 दिनों तक विभिन्न गांवों में जाकर युवाओं को संगठित कर युवा मंडलों का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत टीम के सदस्यों, स्वयंसेवकों व युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## खेलकूद प्रतियोगिता में विधार्थियों ने बहाया पसीना, विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में साप्ताहिक खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र व छात्रा वर्ग की विभिन्न टीमों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण छात्र वर्ग का फाइनल मुकाबला रहा। जिसमें शिवनाथ की टीम ने अपनी बेहतरीन तालमेल और फुर्ती के दम पर विपक्षी टीम को शिकस्त देकर खिताबी जीत हासिल की। वहीं छात्रा वर्ग में निशा महला की टीम ने शानदार रणनीति और दमखम दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए हार जीत से ऊपर उठकर खेल भावना को सर्वोपरि रखने की बात कही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में लोकेश सेन, मुकेश सुथार, वेदप्रकाश बरोड़, राजेंद्र भाट की अहम भूमिका रही। खेल प्रभारी महेश छींपा ने बताया कि प्रतियोगिता पूरी तरह से अनुशासित माहौल में संपन्न हुई तथा महाविद्यालय प्रशासन भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर मैच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक उमा भारती जांगिड़, सुमन चौहान, आशीष पारीक, नारायण लाटा और समस्त विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता व उपस्थिति रही।

## रतनगढ़-डेगाना सेक्शन पर ट्रेन टर्मिनल सुविधा की मांग

**जयपुर टाइम्स/रतनगढ़(निस)।** मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनिरुद्ध दायमा ने शुक्रवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रतनगढ़-डेगाना सेक्शन में रतनगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन टर्मिनल एवं प्लेटफॉर्म रिटर्न रेलगाड़ियों की सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है। दायमा ने पत्र में उल्लेख किया है कि जैन आचार्य महाश्रमण का लाडनूं में 13 माह का प्रवास प्रारंभ हो चुका है, जो मार्च 2027 तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों का लाडनूं आगमन होगा। ऐसे में क्षेत्र में रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में इस सेक्शन में कोई नई ट्रेन शुरू नहीं की गई है, जिसका मुख्य कारण कोचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। इस समस्या के समाधान हेतु रतनगढ़ जंक्शन पर वॉशिंग लाइन, पिट लाइन एवं प्लेटफॉर्म रिटर्न गाड़ियों की सुविधा स्थापित किए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही लाडनूं में पीएफआर मेंटेनेंस फेसिलिटी, क्यूडब्ल्यूएस, वॉशिंग लाइन एवं पिट लाइन स्थापित करने तथा बीकानेर-दरभंगा (वाया रतनगढ़, रेवाड़ी, दिल्ली), बीकानेर-गुवाहाटी (वाया रतनगढ़, चूरू, फतेहपुर, सीकर, जयपुर), हिसार-बैंगलोर (वाया रतनगढ़, लाडनूं, डेगाना, जोधपुर) एवं हिसार-रामेश्वरम (वाया रतनगढ़, लाडनूं, डेगाना, जोधपुर, पुणे) जैसी नई रेलगाड़ियों के संचालन की भी मांग की गई है। पत्र की प्रतिलिपि बीकानेर डीआरएम गौरव गोविल, जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी व सीपीटीएम जयपुर मैत्रेय चारण को भी प्रेषित की गई है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना में पाँच दिवसीय प्राकृतिक कार्यक्रम का समापन

### 46 कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों का दिया प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना की ओर से 16 से 20 फरवरी तक कृषि सखी/सीआरपी संस्थागत कार्यक्रम के पाँच दिवसीय प्राकृतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में 46 कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न विधियों जैसे बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, आच्छादन व प्राकृतिक कीट नियंत्रण के नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नास्त्र, दशपर्णी अर्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट ने किसानों से प्राकृतिक खेती पर जोर देने की बात कहते हुए कहा कि यह पद्धति आत्मनिर्भर व टिकाऊ कृषि व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कृषि सखियों की भूमिका को ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने में जरूरी बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों व महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की जैविक सक्रियता बढ़ती है तथा दीर्घकालीन कृषि स्थिरता सुनिश्चित होती है। समारोह में विशेषज्ञों ने जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती से खेती की लागत में कमी आती है तथा भूमि की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान सभी 46 कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और भविष्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के प्राकृतिक खेती योजना प्रभारी बीरम सिंह गुर्जर, डॉ. पवन कुमारी पारीक, सुमन शर्मा, नाहर सिंह देवड़ा, मनीष चौधरी व कृषि पर्यवेक्षक उर्मिला चौधरी उपस्थित रहे।

## विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में उठाए युवाओं के मामले

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विधानसभा में बजट सत्र के दौरान उद्योग, युवा मामले और खेलकूद की अनुदान मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने सुजानगढ़ में खेल स्टेडियम का निर्माण तुरंत चालू करने की मांग रखी। इसी प्रकार सुजानगढ़ में रिको एरिया का विस्तार करने, रंगाई छपाई तथा तिरपाल मंडी के लिए पृथक औद्योगिक क्षेत्र बनाने सहित क्षेत्र की विभिन्न मांगों को रखा। विधानसभा में खेल स्टेडियम की बात रखते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि 4 साल पहले सुजानगढ़ के लिए स्टेडियम स्वीकृत हुआ था, जिसके लिए दानदाताओं ने जमीन भी उपलब्ध कराई। लेकिन खेल विभाग ने जमीन कम होने की बात कहकर शहर के बाहर जमीन चिह्नित की, जिसका अलॉटमेंट 2 साल पहले हो चुका है। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी के पास बजट होने पर भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होने शहर के बीच स्थित एन.के. लोहिया स्टेडियम और नया बास स्टेडियम की दशा सुधारने तथा उनके विकास के लिए बजट उपलब्ध कराने की मांग की। मेघवाल ने भारत और विशेषकर राजस्थान की खेलों में पिछड़ती स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान को इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाडियों के प्रोत्साहन पर ध्यान देना होगा। उन्होंने खेलो इंडिया के गिरते स्तर और उसमें खिलाड़ियों की कम भागीदारी पर सवाल उठाए और कॉलेजों व यूनिवर्सिटीज में खेल का माहौल बनाने पर जोर दिया। विधायक मनोज मेघवाल ने औद्योगिक विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मजबूत उद्योग से टैक्स बढ़ेगा, विकास कार्य होंगे और रोजगार की समस्या हल होगी, जिससे अपराध में भी कमी आएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बाहरी उद्योगों को बुला रही है लेकिन स्थानीय उद्योगों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बिजली महंगी होने के कारण हाई एनर्जी कंजप्शन वाले उद्योग पलायन कर रहे हैं। उन्होंने पड़ोसी राज्यों के मुकाबले बिजली दरें कम करने की मांग की। विधायक ने कहा कि सुजानगढ़ में एशिया की सबसे बड़ी तिरपाल इंडस्ट्री है, जिसके लिए उन्होंने एक समर्पित रीको एरिया घोषित करने की मांग की। उन्होने शहर के बीच स्थित रंगाई छपाई की यूनिटों प्रशासन और जनता को होने वाली परेशानी का उल्लेख करते हुए इसके लिए भी अलग रीको ब्लॉक की आवश्यकता जताई। उन्होंने सस्ती जमीन लेकर उसे ऊंचे दामों पर बेचने के मुनाफाखोरी के खेल को रोकने के लिए ऑक्शन पॉलिसी पर विचार करने का सुझाव दिया। उन्होंने युवाओं और उद्योगों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाने का आग्रह किया ताकि प्रदेश आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर दी कानूनी जानकारी

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशानुसार विश्व सामाजिक न्याय दिवस को लेकर आमजन के साथ उत्साहपूर्वक मनाते हुए पी एल वी विजय पाल श्योराण ने विधिक जागरूकता के लिए लोगों को कानूनी जानकारी दी। सांड चौक में राशन दुकान के आगे आए नागरिकों को सामाजिक न्याय के बारे में जानकारी देते हुए विश्व मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में दुनिया और देश के व्यापक हित में हर भूमिका निभाने की अपील की। धन लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, घंटा घर के पास जन उपयोगी सेवाओं की बहाली के लिए जिला स्तरीय स्थाई लोक अदालत के लाभ लेने हेतु प्रदेश व्यापी -न्याय आपके द्वार अभियान की जानकारी दी। पी एल वी ने बताया कि वायु सड़क, जल से यात्रियों या माल के परिवहन के लिए परिवहन सेवाएं, डाक, टेलीग्राफ या टेलीफोन सेवा, किसी भी स्थापना से जनता को शक्ति, रोशनी या पानी की आपूर्ति, लोक स्वच्छता या स्वास्थ्य रक्षा की प्रणालियां आदि सार्वजनिक समस्या का समाधान अगर जिम्मेदार विभाग समाधान नहीं कर रहा है, तो स्थाई लोक अदालत (पी एल ए) के जरिए उसका समाधान करवाने की व्यवस्था है।

## पुणे में गूंजा आईमाताजी का जयघोष

### वडेर बिबवेवाडी में भव्य बधावणा व विशाल धर्मसभा

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/पुणे।** श्री आईमाताजी वडेर में गुरुवार को ऐतिहासिक, भव्य और दिव्य बधावणा व विशाल धर्मसभा का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। श्री सिद्धी शक्तिपीठ आईमाताधाम, बिठुड़ा पीरान के गादीपति गोपालसिंह परमार के पुणे आगमन पर समाजबंधुओं ने गगनभेदी जयघोष, फूलों की वर्षा और पारंपरिक गैर नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया। भव्य रथयात्रा के साथ धर्मगुरुजी को वडेर परिसर तक लाया गया, जहां माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं ने मंगलगीतों के बीच स्वागत किया। मंदिर में आरती के बाद आयोजित धर्मसभा में धर्मगुरुजी ने बिठुड़ा पीरान में बन रहे चौथे धाम को पूरे भारतवर्ष के सीरवी समाज की आस्था का केंद्र बताते हुए प्रत्येक परिवार से सहभागिता का आह्वान किया। समारोह में हजारों समाजबंधुओं की उपस्थिति रही तथा करीब 3000 से अधिक भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की। भामाशाहों व समाजसेवियों का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। आयोजन की सफल व्यवस्थाओं के लिए पुणे व प्रवासी सीरवी समाज की टीम की सराहना की गई। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी रमेश कोटवाल ने दी।

# पाली-सुमेरपुर के उद्योग क्षेत्रों में विकास का महाधमाका

### रीको के 7.73 करोड़ से बदलेंगे हालात, सड़क-बिजली-ड्रेनेज की तस्वीर होगी साफ

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/पाली(निस)।** पाली और सुमेरपुर के औद्योगिक क्षेत्रों में विकास का बड़ा धमाका होने जा रहा है। राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास व निवेश निगम (रीको) की ओर से कुल 773 लाख रुपए (7.73 करोड़) के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। निविदाएं आमंत्रित हो चुकी हैं और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होंगे। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से उद्योग क्षेत्रों में सड़क, बिजली और ड्रेनेज की समस्याओं को लेकर व्यापारियों की मांग थी। अब इन क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

### सुमेरपुर को 2.51 करोड़ की सौगात:

अणगौर औद्योगिक क्षेत्र में 160 लाख रुपए से सड़क सुदृढ़ीकरण, आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट व नालियों का निर्माण। जाखानगर औद्योगिक क्षेत्र में 91 लाख रुपए से सड़कों का नवीनीकरण। इन कार्यों से बरसात में जलभराव की समस्या खत्म होगी और परिवहन सुगम होगा।

### पाली में 5.22 करोड़ के विकास कार्य

नया गांव औद्योगिक क्षेत्र में 325 लाख रुपए से डामर रोड व नालियों का निर्माण। मंडिया रोड औद्योगिक क्षेत्र में 197 लाख रुपए से एचटी व एलटी लाइन का उन्नयन। नया गांव कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में 8.50 लाख से एलईडी लाइटें व 13.50 लाख से नई बिजली लाइन। इन कार्यों से उद्योगों को बेहतर विद्युत आपूर्ति और सुरक्षित आधारभूत संरचना मिलेगी। मंत्री कुमावत ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को अवगत कराया था। स्वीकृति मिलने पर उन्होंने दोनों नेताओं का आभार जताया। औद्योगिक संगठनों और व्यापारियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इन कार्यों से क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### उद्योगों को मिलेगी नई रफ्तार:

रिको के इन विकास कार्यों से पाली और सुमेरपुर के औद्योगिक क्षेत्रों की आधारभूत संरचना मजबूत होगी, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

## स्कूल जाने के रास्ते में जलभराव से परेशानी

### कीचड़ में होकर गुजरने को मजबूर विद्यार्थी, ग्रामीणों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के नुनहेरा गांव में स्कूल जाने वाले आम रास्ते पर सालभर जलभराव एवं कीचड़ की समस्या से छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के मोहल्लों से निकलने वाले दूषित पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्कूल जाने वाला मार्ग पूरी तरह कीचड़युक्त बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले पांच वर्षों से छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक इस समस्या से जूझ रहे हैं। जलभराव के चलते कई बार विद्यार्थी स्कूल जाते समय कीचड़ में फंसकर गिर जाते हैं, जिससे उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं और उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है। वर्तमान में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं भी चल रही हैं, इसके बावजूद मार्ग की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर युवा करन परमार के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया। हाल ही में प्रशासन की ओर से जेसीबी के माध्यम से रास्ता साफ करने का प्रयास किया गया, लेकिन निर्धारित 40 फुट चौड़ाई के स्थान पर केवल आंशिक रूप से मार्ग साफ किया गया, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। विद्यार्थियों का कहना है कि पूर्व में वे खेतों की पगडंडियों से होकर स्कूल पहुंचते थे, लेकिन अब किसानों द्वारा तारबंदी किए जाने के कारण वह मार्ग भी बंद हो चुका है। ऐसे में स्कूल तक पहुंचना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## राजनीतिक दलों के साथ बैठक आज

**धौलपुर(निस)।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में आज प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट धौलपुर किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी।

## मानपुर में युवा मैराथन, होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह 23 को

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम मानपुर में 23 फरवरी को सामाजिक जागरूकता, युवा ऊर्जा व सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दौड़ प्रतियोगिता, होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय युवा रोहित गुर्जर के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में खेल, शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात मानपुर युवा शक्ति मैराथन के अंतर्गत पंचायत स्तरीय 4 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता से होगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में फिटनेस, आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के साथ -साथ नशा-मुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। दोपहर बाद आयोजित होने वाले होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में गांव के सरकारी सेवाओं में चयनित युवाओं एवं गत वर्ष 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक व ज्योतिषाचार्य कृष्ण कुमार शास्त्री युवाओं को सामाजिक जागरूकता एवं प्रेरणा का संदेश देंगे। आयोजक रोहित गुर्जर ने बताया कि खेल युवाओं में अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास करते हैं, जबकि होली मिलन समारोह समाज को एकजुट करने का कार्य करता है।

## शादी के दिन भी परीक्षा देने पहुँचा युवक, शिक्षा के प्रति जुनून बना मिसाल

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)** नागौर जिले के गांव टालनियाऊ के निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र मनोज सिंह ने शिक्षा के प्रति ऐसा समर्पण दिखाया, जो आज युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अपनी शादी के दिन भी उन्होंने जिम्मेदारियों के साथ-साथ शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए परीक्षा देने पहुंचकर एक अनोखी मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार शादी की रस्मों के बीच निर्धारित परीक्षा तिथि होने के कारण जितेंद्र सिंह ने पहले परीक्षा केंद्र पहुंचकर अपना पेपर दिया। दूल्हे के पारंपरिक परिधान में परीक्षा केंद्र पर पहुंचने पर वहां मौजूद छात्र-छात्राएं और स्टाफ भी हैरान रह गए। सभी ने उनके जज़्बे की सराहना की। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहे हैं और उन्होंने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दी है। शादी जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर भी परीक्षा को महत्व देना उनके दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।चूरू जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश डुडी ने कहा कि आज के समय में जहां कई युवा छोटी-छोटी वजहों से परीक्षा छोड़ देते हैं, वहीं जितेंद्र सिंह का यह कदम पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। गांव टालनियाऊ सहित पूरे नागौर जिले में उनकी चर्चा हो रही है। यह घटना साबित करती है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी परिस्थिति सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। इस दौरान सालासर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार ढाका, योगराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, नरेंद्र गुलरिया, राकेश गुलरिया सहित सैकड़ो युवा शादी में पहुंचे।

## अधूरे नाले से वार्डवासियों की बढ़ी परेशानीः जलभराव के कारण बीमारियों का खतरा



**जयपुर टाइम्स/धौलपुर(निस)।** शहर के ओडेला रोड स्थित अधूरे पड़े नाले की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है, जिससे आसपास की कॉलोनियों के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। करीब 10 वर्ष पूर्व नाले का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन आज तक उसका निकास पूरा नहीं किया गया है। नाले का पानी राजा विहार कॉलोनी, प्रकाश कॉलेज रोड, मायावती नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में वर्षभर जमा रहता है। जलभराव की स्थिति के कारण कॉलोनीवासियों को आवागमन में परेशानी के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद को कई बार समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं वार्ड में सिविल लाइन का कार्य भी करीब एक वर्ष से अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे प्रकाश कॉलेज रोड एवं ओडेला रोड सहित अन्य कॉलोनियों में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। वार्डवासियों ने नगर परिषद से जल्द नाले के निर्माण कार्य को पूर्ण कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि उन्हें जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।